दैनिक
# तमसा संकेत

»डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

वर्षः 06 || अंक 82 || लखनऊ || सोमवार || 22 जून 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2

**मौसम**
सूर्योदयः 05:13
सूर्यास्तः 07:03
अधिकतमः 41°00
न्यूनतमः 29°00



» पेज 07

राम मंदिर में चंदे की... » पेज 04 | यूपी में भीषण गर्मी, बाघिन पूल में... » पेज 06 | अंतरराष्ट्रीय योग दिवस....



PM मोदी ने चालन क्रिया अभ्यास किया। यह शरीर को वार्म-अप करने में मदद करता है।

# योग वैश्विक शांति का मार्गः मोदी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता के रेड रोड पर 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया

तमसा संकेत, एजेंसी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के कोलकाता में ऐतिहासिक रेड रोड पर 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राष्ट्रीय समारोह में भाग लिया। "स्वस्थ आयु के लिए योग" (Yoga for Healthy Ageing) की थीम के तहत राष्ट्रीय आयोजन का नेतृत्व करते हुए, उन्होंने हजारों प्रतिभागियों के साथ 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' का अभ्यास किया, जबकि भारत और दुनिया भर के लाखों लोग ऑनलाइन माध्यम से इस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री श्री शुभेंदु अधिकारी, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और दुनिया भर के लोगों को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। » (शेष पेज 06 पर)



### लंबे समय तक काम करने की ऊर्जा देता है योग : जेपी नड्डा

दिल्ली में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि योग मानसिक जागरूकता बढ़ाता है, मन को शांत रखता है और लंबे समय तक काम करने की ऊर्जा देता है।





'हम सभी पीएम मोदी के आभारी हैं'







## देशभर में मंत्री-मुख्यमंत्रियों ने किया योग, नागरिकों को दिया फिटनेस का मैसेज

देशभर में आयोजित योग दिवस के कार्यक्रम में कई मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर देश के कई वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य, फिटनेस और समग्र कल्याण का मैसेज दिया।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात में किया योग

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि योग मानवता के लिए भारत का अमूल्य उपहार है, जो समग्र कल्याण को पोषित करता है। शाह ने अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में योग अभ्यास करते हुए यह बात कही। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर जिले के मंसा कस्बे में आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में भाग लिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। योग केवल स्वस्थ शरीर का आधार नहीं है, बल्कि संतुलित और संयमित जीवन जीने का मार्ग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व के परिणामस्वरूप भारत की यह सांस्कृतिक विरासत आज एक वैश्विक जन-आंदोलन बन चुकी है।'

### ओम बिरला और जेपी नड्डा ने किया योग

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग किया। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शांति पथ लॉन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लेकर योगाभ्यास किया।





### यूपी सीएम योगी ने झांसी किला मैदान में किया योग

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी किला मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया और हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर स्थापित करते हुए 140 करोड़ भारतीयों को गर्व के साथ आगे बढ़ने और विकसित भारत के सपने को साकार करने का मार्ग दिखाया है।

**फास्ट न्यूज**

### मुंबई में बारिश, फिर एक्टिव हुआ मानसून

मुंबई। मुंबई को जिस बारिश का कई हफ्तों से इंतजार था, वह आखिरकार रविवार सुबह पहुंच गई। शहर के कई इलाकों में सीजन की पहली अच्छी बारिश हुई। इससे लंबे समय से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली।

### मोदी जो बोलते नहीं, थरूर सुन लेते हैं : खेड़ा

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के G7 समिट में भारतीय नाविकों का मुद्दा उठाने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तारीफ की थी। अब थरूर की पार्टी के लोग ही उनकी आलोचना कर रहे हैं। पवन खेड़ा ने शनिवार को थरूर पर तंज कसते हुए कहा- मेरे सीनियर सहयोगी शशि थरूर पीएम मोदी की तारीफ के लिए कुछ भी कर सकते हैं। अब वे वो बातें भी सुन सकते हैं जो मोदी ने कभी कही ही नहीं। दरअसल 18 जून को फ्रांस में G7 समिट के दौरान पीएम ने ट्रम्प से मुलाकात के दौरान भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाया था। थरूर ने कहा था कि पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने भारत का पक्ष साफ कर दिया था।

### ट्रेन में चढ़ने को लेकर यात्री की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर शनिवार सुबह योगा एक्सप्रेस की जनरल बोगी में चढ़ने को लेकर झड़प हो गई। सीट और चढ़ने की जल्दी में शुरू हुआ विवाद कुछ ही मिनटों में जानलेवा हमला बन गया। आरोप है कि यात्रियों के एक ग्रुप ने 32 साल के पंकज धामा को घेरकर लात-घूंसों से पीटा। पंकज प्लेटफॉर्म पर गिरकर अचेत हो गया।

# दूसरे दिन भी सीजेपी का प्रदर्शन जारी...

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर जंतर-मंतर पर रातभर धरना

**मांग**

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** NEET पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) का जंतर-मंतर पर रविवार को दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे।

CJP फाउंडर अभिजीत दीपके और उनके समर्थक शनिवार रात से जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

दिल्ली पुलिस ने शनिवार शाम 5 बजे के बाद प्रदर्शन की अनुमति खत्म होने की बात कहकर जगह खाली करने के लिए कहा था। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे। दीपके ने लोगों से आंदोलन का समर्थन करने की अपील की। » (शेष पेज 06 पर)



■ कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर दीपके ने क्रिकेट खेला

# नेवी को मिले 3 स्वदेशी युद्धपोत

## आईएनएस दूनागिरी ब्रह्मोस से लैस, रडार नहीं पकड़ पाएगा ■ आईएनएस संशोधक लगातार 12000किमी तक चल सकता है

"नेवी को मिले दुश्मन के काल

**इजाफा**

■ भारतीय नौसेना की ताकत में ऐतिहासिक इजाफा हुआ है. पीएम मोदी ने कोलकाता में तीन स्वदेशी युद्धपोतों गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट INS दूनागिरी, सर्वे पोत INS संशोधक और एंटी-सबमरीन INS अग्रय को नेवी में शामिल किया है



तमसा संकेत, एजेंसी

**कोलकाता।** तीन स्वदेशी वॉरशिप्स आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और एंटी-सबमरीन आईएनएस अग्रय रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल हुए। इन्हें देश में ही डिजाइन और बनाया गया है। » (शेष पेज 06 पर)

### आईएनएस दूनागिरी-ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों से लैस

आईएनएस दूनागिरी प्रोजेक्ट-17A का 5वां स्टील्थ फ्रिगेट वॉरशिप है। इसे नेवी के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है। प्रोडक्शन कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE) ने किया है। जहाज के कमांडिंग ऑफिसर (डिजाइनेट) कैप्टन दिव्य आलोक ने कहा कि दूनागिरी ईस्ट नेवल कमान और ईस्टर्न फ्लीट का हिस्सा बनेगा।

### आईएनएस संशोधक- समुद्र का नक्शा और सर्वे करेगा

आईएनएस संशोधक सर्वे वेसल (लार्ज) सीरीज का चौथा जहाज है। इसका काम युद्ध लड़ना नहीं, बल्कि समुद्र का सर्वे करना है। » (शेष पेज 06 पर)

### आईएनएस अग्रय- दुश्मन की सबमरीन खोजकर नष्ट करेगा

आईएनएस अग्रय अर्नाला क्लास का चौथा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट यानी उथले पानी का वॉरशिप है। इसे हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और एडवांस्ड सोनार सिस्टम से लैस किया गया है। » (शेष पेज 06 पर)

## सपा मोहर्रम-ईद पर उदंडता कराती कांवड़ यात्रा-कृष्ण जन्मोत्सव पर रोक लगाती थी

# बेटियों को छेड़ने वाला यमराज के घर जाएगा : योगी

तमसा संकेत, एजेंसी

**तमसा संकेत, एजेंसी।** सीएम योगी ने रविवार को हमीरपुर में कहा- सपा सरकार में हर जिले में एक माफिया होता था। ये माफिया जमीनों पर कब्जा करते थे। व्यापारी और बेटी के लिए संकट खड़ा करते थे। पुलिस पर हमला करते थे। छवि खराब होती थी- बुंदेलखंड की।

योगी ने कहा- आज माफिया के लिए कोई जगह नहीं है। माफिया अब जेल में है या मिट्टी मिल गए। अब बेटी की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता है। अगर ऐसा दुस्साह कोई करता है तो यमराज के घर जाएगा। सपा ईद और मोहर्रम पर सड़कों पर उदंडता करवाती थी और कृष्ण जन्मोत्सव और कांवड़ यात्रा पर रोक लगाती थी।



### 9 साल पहले बुंदेलखंड की सड़कें गड्ढों में तब्दील थीं

आज से 9 साल पहले बुंदेलखंड की सड़कें गड्ढों में तब्दील थीं। माताएं-बहन पूरी जिंदगी घड़े से पानी ढोने में गुजरा देती थीं। यहां का नौजवान पहचान के लिए तरसता था। माफिया हावी थे। गरीबों को शोषण करते थे। पिछले 12 सालों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है।

योगी ने कहा- 21 जून हो गया, लेकिन मानसून नहीं आया। चूंकि हम लोगों को दौरा हो रहा था। इसलिए भगवान ने कहा होगा- ज्यादा गर्मी न हो, इसलिए थोड़े-बहुत बादल देखने को मिल रहे हैं। पिछले दो साल मानसून अच्छा था। अगले 3 साल तक अलनीनो के कारण असमय और कम वर्षा की चेतावनी अभी से आ रही है। इसलिए मेरी अपील है कि पानी बचाइए। » (शेष पेज 06 पर)

### गोला-बारूद, तोप मिसाइल यूपी में बन रही है

योगी ने कहा- 2017 में जब सीएम बनने के बाद पहली बार बुलंदेखंड आया था। तब हमने पूछा था कि कनेक्टिविटी कैसी है। तब हमने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की बात की थी। आज बुलंदेलखंड के पास अपना एक्सप्रेस-वे है। पहले बुंदेलखंड का जवान आर्मी में भर्ती होता था। उसके पास जो गोला-बारूद होता था। वह दुनियाभर के देशों में मंगाया जाता था। आज ऐसा नहीं है। » (शेष पेज 06 पर)

"सीएम ने कहा- आज दुनिया भर के लोग योग के साथ जुड़े थे। योग ऋषि परंपरा की देन है। आधुनिक काल में पीएम मोदी ने योग को वैश्विक मान्यता दिलाई है। भारत की परंपरा को अब दुनिया मान्यता दे रही है। अब पहचान का संकट नहीं है। जातिवादी की राजनीति करने वालों ने पहचान का संकट खड़ा किया था। सत्ता में आते हैं तो परिवार का पेट भरते हैं। परिवार के अलावा कुछ नहीं दिखता है। लेकिन, मोदी जी का 140 करोड़ का भारत ही परिवार है।

# सीफूड फैक्ट्री में गैस रिसाव, 7 मौत

## 65 से ज्यादा घायल, 9 वेंटिलेटर पर

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

**चैन्नई।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में रविवार को एक सीफूड एक्सपोर्ट फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। PTI की रिपोर्ट के अनुसार हादसे में 7 महिला कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 65 से ज्यादा घायल हैं। घायलों में भी 9 वेंटिलेटर पर हैं। गैस रिसाव की घटना सेंट पीटर्स पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स यूनिट में हुई।

घटना की जानकारी मिलते ही अरक्कोनम स्थित NDRF की चौथी बटालियन मुख्यालय से 30 सदस्यों वाली NDRF की टीम को मौके पर भेजा गया।



■ मृतकों के परिजनों को दो लाख का मुआवजा

तमिलनाडु सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। साथ ही अस्पतालों में भर्ती कर्मचारियों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## योग भारत की विश्व को दी गई अमूल्य धरोहर, इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाएं : ए.के. शर्मा

# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को मिली वैश्विक पहचान

**कार्यक्रम**

- स्वस्थ, समृद्ध और सशक्त समाज की आधारशिला है योग
  - ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री





> कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि परंपरा की वह अमूल्य धरोहर है, जिसने आज पूरे विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता प्रदान की गई और आज विश्व के अनेक देशों में करोड़ों लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं।

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मऊ जनपद मुख्यालय स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह ने मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस पर प्रसारित संबोधन को सुना तथा सामूहिक योगाभ्यास में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य अतिथि श्री ए.के. शर्मा ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

### योग मन, बुद्धि और शरीर के समन्वय का एक सशक्त माध्यम

शर्मा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और शरीर के समन्वय का एक सशक्त माध्यम है। योग व्यक्ति को आत्मानुशासन, मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा तथा बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करता है। उन्होंने महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिपादित अष्टांग योग तथा श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित "योगः कर्मसु कौशलम्" का उल्लेख करते हुए कहा कि योग का वास्तविक अर्थ अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं दक्षता के साथ निर्वहन करना है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच योग की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। योग न केवल रोगों से बचाव का प्रभावी माध्यम है, बल्कि यह व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बवाल : काली थार ने युवक को कुचला, मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**



- नाराज लोगों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन, चालक फरार

दुबग्गा । लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम थार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार काली थार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। युवक की मौत से नाराज लोगों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे एक किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण मुआवजा समेत दोषी वाहन चालक को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, मंडोली काकोरी निवासी हिमालय (26) पुत्र शिवमंगल शनिवार देर रात निजी काम से बाहर गया था। गोलाकुंआ गांव के सामने से वो हरदोई रोड पार कर रहा था कि वहां से लौटते समय एक तेज रफ्तार थार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह करीब 100 फीट दूर जाकर गिरा। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने हिमालय को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

**फास्ट न्यूज**

### युवक से 42 हजार लूटे

प्रयागराज । प्रयागराज के करेली में बेखौफ बदमाशों ने रविवार तड़के लूट की वारदात अंजाम देकर सनसनी फैला दी। करेलाबाग में तीन बदमाशों ने पशु व्यापारी के रिलेटिव की बाइक में टक्कर मारकर उसके साथ मारपीट की। फिर 42 हजार रुपये समेत तीन मोबाइल फोन लूट लिए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हर पहलू पर पड़ताल कर रही है। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र निवासी मिथिलेश मजदूरी करता है।

### जुलाई के आखिर में होगी धर्म संसद

वाराणसी । जुलाई के अंतिम सप्ताह में काशी में बड़े स्तर पर धर्म संसद आयोजित की जाएगी। रविवार को हरहुआ स्थित संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में जुटे प्रबुद्धजनों ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई। ₹मानव चरित्र निर्माण में श्रीमद्भगवद्गीता₹ विषय पर आयोजित संगोष्ठी में देशभर से आए वक्ताओं ने गीता के सामाजिक, नैतिक और आध्यात्मिक महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम में भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान, जयपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### लाखों लोगों ने एक साथ किया सूर्य नमस्कार

आगरा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को पूरा शहर योगमय हो गया। पालीवाल पार्क में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में लाखों लोगों ने एक साथ सूर्य नमस्कार कर रिकॉर्ड बनाया। सुबह 6 बजे से ही पार्क में भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं... हर उम्र के लोगों ने योग के जरिए 'निरोगी भारत' का संदेश दिया।

# छात्रा को पुलिस ने गाड़ी से सेंटर पहुंचाया

## 32,761 परीक्षार्थियों ने दिया नीट

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ । लखनऊ में आज 72 केंद्रों पर NEET-UG का री-एग्जाम हुआ। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने कहा कि पिछली बार का पेपर ज्यादा अच्छा हुआ था। इस बार बायोलॉजी का पार्ट आसान और केमिस्ट्री का टफ था।

लखनऊ में 75 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 35594 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। उनमें से 32761 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर सख्त सुरक्षा व्यवस्था रही। पुलिस ने परीक्षा केंद्रों के बाहर 50 मीटर तक पार्किंग या गार्जियन के खड़े होने पर पाबंदी रही। हर परीक्षा केंद्र के अंदर-बाहर भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। गोमतीनगर स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय परीक्षा केंद्र पर एक छात्रा पहुंची तो पता चला कि उसका सेंटर गोमतीनगर में ही जीजीआईसी में है। करीब 7 मिनट गेट बंद होने में बचे थे। पुलिसकर्मियों ने उस छात्रा को अपनी कार से सही परीक्षा केंद्र पर समय रहते पहुंचा दिया।

NTA ने अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र, फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार, पैन कार्ड या वोटर आईडी) और दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाने के निर्देश दिए थे।

शावेज ने बताया कि इस बार फिजिक्स और केमिस्ट्री का पेपर लेंदी था।

## सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर सभी जिला मुख्यालयों और प्रमुख चौराहों पर आप ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

# चंदा चोरों के खिलाफ आम आदमी पार्टी का हल्ला बोल

- तीर्थ क्षेत्र जमीन खरीद घोटाले के दस्तावेज सामने आने के बाद भी अब तक आरोपियों पर कार्रवाई क्यों नहीं: ज्ञान सिंह कुशवाहा (जिला महासचिव, आप यूपी)




**पूरे उत्तर प्रदेश में भिक्षाटन कार्यक्रम आयोजित कर 420 का डीडी चंपत राय को भेजा**

**महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटा और भाजपा, आरएसएस ने राम मंदिर को लूटा सलूजा(ऑटो विंग प्रदेश अध्यक्ष आप यूपी)**

**भाजपा-आरएसएस को पैसों की कमी है तो जनता से मांग लें, मंदिर के धन पर डाका न डालें - प्रीतपाल सिंह सलूजा**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। भगवान श्रीराम के नाम पर श्रद्धालुओं द्वारा दान किए गए धन और चढ़ावे में लूट के आरोपों तथा राम भक्तों की आस्था के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह के आवाह्न पर रविवार को प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों और प्रमुख चौराहों पर भिक्षाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वाराणसी, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बाराबंकी, ललितपुर, झांसी, मिर्जापुर, मथुरा, आगरा, आजमगढ़, जौनपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या, बहराइच, बागपत, जालौन सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में लखनऊ के स्वास्थ्य भवन चौराहे पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा होकर हाथों में कटोरे और तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया तथा 420 का डीडी तैयार कर चंपत राय को भेजा। कार्यकर्ताओं ने चंदा चोरों गद्दी छोड़ो, राम भक्तों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान₹ और श्रीराम के नाम पर भ्रष्टाचार बंद करो₹ जैसे नारे लगाए तथा दान और चढ़ावे में हुई लूट की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हम चंपत राय को 420 का डिमांड ड्राफ्ट भेजकर यह संदेश दे रहे हैं कि वे प्रभु के मंदिर के पैसों पर डाका डालना बंद करें। अगर भाजपा, आरएसएस या उनके लोगों के पास पैसे की इतनी ही कमी है, तो वे सीधे मांग लें आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच झोली फैलाकर, भीख मांगकर पैसा इकट्ठा करेगा और उन्हें दे देगा, लेकिन भगवान के घर में ये हेराफेरी नहीं चलने दी जाएगी।

### श्री राम हम सभी की आस्था और मर्यादा के सर्वोच्च प्रतीक

इस दौरान ऑटो विंग प्रदेश अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह सलूजा ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सभी की आस्था और मर्यादा के सर्वोच्च प्रतीक हैं। उनके भव्य मंदिर निर्माण के नाम पर देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी गाढ़ी कमाई समर्पित की थी। लेकिन आरएसएस और भाजपा के लोग जो खुद को धर्म का ठेकेदार बताते हैं, उन्हीं के पदाधिकारियों द्वारा इस पवित्र चंदे में लूट की जा रही है। यह करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संरक्षण में यह पूरा तंत्र चल रहा है। मोदी जी भ्रष्टाचार पर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जब उनके अपने ही संगठन (आरएसएस) से जुड़े लोग और उनके करीबी चंदा चोरी में लिप्त पाए जाते हैं, तो वे पूरी तरह मौन साध लेते हैं। महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटा और भाजपा आरएसएस ने राम मंदिर को लूटा है ।

## 'योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर दें विकसित भारत के निर्माण में योगदान' - योगेंद्र उपाध्याय

# पीएम मोदी के 'योग से विश्व कल्याण' विजन को आगे बढ़ा रहे सीएम योगी

- 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर फिरोजाबाद पुलिस लाइन ग्राउंड में उच्च शिक्षा मंत्री ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**तमसा संकेत, संवाददाता**





फिरोजाबाद / लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग से विश्व कल्याण₹ के विजन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वस्थ एवं सशक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प के अंतर्गत प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने रविवार को 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद फिरोजाबाद स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होकर योगाभ्यास किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक को निरोगी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में योग को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है, ताकि युवा पीढ़ी शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त हो सके। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का मूल आधार है। यह हमें अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि इस योग दिवस पर हम सभी यह संकल्प लें कि योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर अपने शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और जीवन को ऊर्जावान बनाएंगे तथा सकारात्मक ऊर्जा के साथ 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

> इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से योग आज भारत की सीमाओं को लांघकर 190 से अधिक देशों में अपनाया जा रहा है। योग भारत की प्राचीन सनातन परंपरा की वह अमूल्य देन है जो सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है।

# 'स्वस्थ शरीर और शांत मन से ही मिलेंगे बेहतर कार्य परिणाम'

**तमसा संकेत, संवाददाता**

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यूपीएसडीएम मुख्यालय में 'फिट टू स्किल' का संकल्प, एएमडी पूजा मिश्रा ने किया योगाभ्यास



लखनऊ। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, मुख्यालय अलीगंज, लखनऊ में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर मिशन निदेशक पूजा मिश्रा के नेतृत्व में UPSDM की पूरी टीम ने सहभागिता कर 'फिट टू स्किल' का संकल्प लिया।

योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में अपर मिशन निदेशक पूजा मिश्रा सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इसके साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी जैसे प्राणायाम एवं ध्यान सत्र भी आयोजित किए गए। उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रत्येक आसन एवं प्राणायाम के शारीरिक और मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए दैनिक जीवन में योग को अनिवार्य रूप से अपनाने की सलाह दी गई।

इस अवसर पर अपर मिशन निदेशक पूजा मिश्रा ने कहा कि योग केवल एक दिन का अभ्यास नहीं, बल्कि अनुशासित जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के क्षेत्र में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी की उत्पादकता तभी बढ़ेगी जब वह शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से शांत होगा। स्वस्थ शरीर और शांत मन से ही बेहतर कार्य परिणाम पाए जा सकते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने व्यस्त समय में से प्रतिदिन कम से कम 15-20 मिनट योग के लिए अवश्य निकालें। 'फिट टू स्किल' का हमारा संकल्प तभी पूरा होगा जब हम स्वयं फिट रहेंगे और युवाओं को भी कौशल के साथ स्वास्थ्य का संदेश देंगे।

## कार्यक्रम : योग ने विश्व मंच पर भारत की सांस्कृतिक पहचान को दिलाई नई प्रतिष्ठा : केशव प्रसाद मौर्य

# 'करें योग, रहें निरोग'

- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से योग बना विश्वव्यापी जनआंदोलन, 190 देशों में मनाया जा रहा है अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
- प्रयागराज में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने किया योगाभ्यास, उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों को किया सम्मानित

**तमसा संकेत, संवाददाता**




**योग केवल व्यायाम नहीं, स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है : केशव प्रसाद मौर्य**



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के "योग को जन-जन का अभियान" बनाने के संकल्प तथा डबल इंजन सरकार के स्वस्थ, सशक्त एवं निरोग उत्तर प्रदेश के विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रयागराज में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य योग कार्यक्रम में योगाभ्यास किया तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने पावन त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित योग शिविर में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है।

### योग दिवस का आयोजन होना भारत की प्राचीन योग परंपरा

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सतत प्रयासों से योग ने विश्व मंच पर भारत की सांस्कृतिक पहचान को नई प्रतिष्ठा प्रदान की है। संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच से प्रधानमंत्री जी के आह्वान के बाद 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आज 190 से अधिक देशों में योग दिवस का आयोजन होना भारत की प्राचीन योग परंपरा की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। नियमित योग, ध्यान और व्यायाम से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने प्रदेशवासियों, विशेषकर युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपनाकर स्वस्थ, ऊर्जावान और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।

### मस्जिद हटाने की मांग को लेकर मंदिर में आरती

आगरा । आगरा के टेढ़ी बगिया स्थित काली माता मंदिर पर शनिवार को अखिल भारत हिंदू महासभा के आह्वान पर हनुमान चालीसा पाठ, आरती और प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा और मंदिर परिसर के आसपास भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई। अखिल भारत हिंदू महासभा के आह्वान पर टेढ़ी बगिया स्थित काली माता मंदिर में शनिवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया, आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया।

संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य मार्गों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई का समर्थन करते हुए अवैध निर्माणों को हटाने की मांग दोहराई। कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तथा पीएसी के जवान तैनात रहे।

# योग करने के बाद मैट लेकर जाने लगे लोग

## लखनऊ में गार्ड ने पकड़-पकड़ रखवाईं

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ। लखनऊ में आज योग दिवस मनाया गया। जनभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने योगासन किए। रेजिडेंसी में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लोगों के साथ प्राणायाम किया। जनेश्वर मिश्र पार्क में मंत्री और अधिकारियों का जमावड़ा रहा। यहां योगासन कंप्लीट होने के बाद लोग चटाइयां लेकर घर जाने लगे। गार्डों ने सबको पकड़-पकड़कर मैट रखवा लीं।

अंबेडकर पार्क और लोहिया पार्क में हजारों लोगों ने एकसाथ योग किया। गोमतीनगर स्थित RSS की लक्ष्मण शाखा परिसर में सीनियर सिटीजंस ने व्यायाम किया। इसके बाद कई लोगों ने जानकीपुरम विस्तार में जानकीपुरम विस्तार संयुक्त महासमिति के शिविर में हास्य योग के दौरान ठहाके लगाए। इस वर्ष 'Yoga For Health Ageing' थीम पर आधारित रहा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, उत्तर प्रदेश में स्वस्थ वृद्धावस्था हेतु योग विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 150 प्रतिभागियों ने सामूहिक योग और प्राणायाम किया। मुख्यमंत्री के संबोधन के लाइव प्रसारण के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित योग से शरीर में लचीलापन बढ़ता है, तनाव कम होता है ।

### मंत्री नितिन अग्रवाल बोले- योग भारत की सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर ■ इसे जीवन का हिस्सा बनाएं

# योग दिवस पर लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

कार्यक्रम

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई ।** हरदोई में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को हरदोई जनपद में ?स्वस्थ आयु के लिए योग? थीम के तहत जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ और निरोग जीवन का संदेश दिया।









कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का भी माध्यम है। प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, ताकि स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीया जा सके।

आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हरदोई के योग आइकॉन पीयूष सिंह चौहान सहित योग प्रशिक्षक हरिवंश सिंह और शैलेन्द्र ने मंच से प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उनके निर्देशन में उपस्थित लोगों ने ताड़ासन, वृक्षासन, शशांकासन, भुजंगासन, वज्रासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास किया।

कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वास्थ्य के प्रति अपनी जागरूकता प्रदर्शित की।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता की विजेता अनु, चाट मेकिंग प्रतियोगिता की विजेता पल्लवी सहित योगासन और अन्य स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों तथा जनपद के यूथ आइकन को प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल, एडीएम दीपाली भार्गव, एडीएम (न्यायिक) प्रफुल्ल त्रिपाठी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी मधु बाजपेई, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी आशा रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन केवल स्पोर्ट्स स्टेडियम तक सीमित नहीं रहा। जनपद के विभिन्न विद्यालयों, निजी संस्थानों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रमों में भाग लिया। जिलेभर में आयोजित इन कार्यक्रमों ने योग के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता और स्वस्थ जीवन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाया।**

फास्ट न्यूज

### चाची से अफेयर था, झगड़े के बाद दी जान

**हरदोई।** हरदोई जिले में प्रेम-प्रसंग और पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक की मौत हो गई। माधौगंज थाना क्षेत्र के इकसैया गांव में 35 वर्षीय युवक ने रिश्ते में चाची लगने वाली प्रेमिका से विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया था। शनिवार देर रात मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। प्रमोद (35) की मां श्रीदेवी ने बताया 12 साल पहले प्रमोद की शादी किरण से हुई थी। शादी के बाद प्रमोद का अपने ही गांव में रिश्ते में चाची लगने वाली एक शादीशुदा महिला से प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। जब प्रमोद की पत्नी किरण को इस संबंध का पता चला, तो घर में विवाद बढ़ गया।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**हरदोई ।** हरदोई के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के खेरवा चांदापुर गाँव में एक 30 वर्षीय युवक रामजी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार रात खाना खाकर सोने के बाद रविवार सुबह उसका शव बिस्तर पर मिला। पत्नी ने पति को मृत देखकर शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण जमा हो गए। रविवार की दोपहर शव का पोस्टमार्टम हुआ। मृतक रामजी (पुत्र रामसनेही) अपनी पत्नी रिंकी, बेटे दिव्यांशु और बुजुर्ग माता-पिता के साथ रहता था। उसका बड़ा भाई कृपा शंकर अलग रहता है। भाई कृपा शंकर के अनुसार, रविवार की सुबह रिंकी के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर वे कमरे में पहुंचे। वहां रामजी बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ा था।

### दो घरों से लाखों की चोरी

सीतापुर। सीतापुर के लहरपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ठाकुरनपुरवा (चदेसुआ) में शनिवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि ग्रामीणों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी भी देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार 20/21 जून की रात चोरों ने गांव निवासी लालेश पुत्र रामासरे और योगेश मिश्रा के घरों में धावा बोल दिया। चोर घरों में रखे सोने-चांदी के आभूषण, कीमती सामान तथा करीब 20 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए।

## मार्शल की टक्कर से एक दोस्त की मौत

### बिलग्राम के जलालपुर के पास हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में बिलग्राम-कन्नौज मार्ग पर एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लखनऊ रेफर किया गया है। यह घटना बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर के पास हुई।

मृतक की पहचान बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के नया बंगला बिरनी गांव निवासी 61 वर्षीय ईश्वरी के रूप में हुई है। उनके साथ स्कूटी पर सवार उनके दोस्त 45 वर्षीय उदय पाल घायल हुए हैं। ईश्वरी और उदय पाल शनिवार शाम बिलग्राम नगर में भर्ती एक ग्रामीण को देखने अस्पताल गए थे।

देर शाम अस्पताल से गांव लौटते समय बिलग्राम-कन्नौज मार्ग पर जलालपुर के पास एक मार्शल वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों दोस्त सिर के बल सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने पर एंबुलेंस से दोनों घायलों को पहले बिलग्राम सीएचसी और फिर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। देर रात इलाज के दौरान ईश्वरी ने दम तोड़ दिया। उदय पाल की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

ईश्वरी के परिवार में उनकी पत्नी मुन्नी, छह पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि शव का पंचनामा भरवाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

### भट्ठा व्यवसायी हत्या के मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी ■ जमीन विवाद में डंडा और बर्मा से किया था वार

प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई में भट्ठा व्यवसायी विद्याप्रकाश अग्निहोत्री उर्फ मल्लू की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बांस का डंडा और लोहे का बर्मा भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान श्यामजी पुत्र राजकुमार और आनंद उर्फ पिंकू पुत्र शिवकुमार के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।




■ जमीन विवाद में हुआ था खूनी हमला
■ शव रखकर किया था प्रदर्शन

बताया गया कि गुरुवार शाम जमीन को लेकर चल रहे विवाद के दौरान श्यामजी, राजकुमार, पिंकू और शिवकुमार ने मिलकर विद्याप्रकाश अग्निहोत्री पर लाठी-डंडों और लोहे के बर्मा से हमला कर दिया था। हमले में बीच-बचाव करने पहुंचे अमित, अंकित, राकेश और मंजेश भी घायल हो गए थे।

गंभीर रूप से घायल विद्याप्रकाश को पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में लखनऊ रेफर किया गया था, जहां शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा 103(1) बीएनएस बढ़ा दी।

व्यवसायी का शव गांव पहुंचने के बाद परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे। शनिवार सुबह उन्होंने शव को घर के बाहर रखकर धरना दिया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, एनकाउंटर तथा बुलडोजर कार्रवाई की मांग करते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था।

स्थिति तनावपूर्ण होने पर सीओ हरपालपुर प्रवीण कुमार कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

### गांव में पुलिस तैनात, अन्य आरोपियों की तलाश

घटना के बाद गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। थानाध्यक्ष मार्कंडेय सिंह ने बताया कि मामले में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सपा महिला सभा अध्यक्ष सीमा राजभर पहुंचीं सीतापुर

### चौपाल में भाजपा सरकार पर महंगाई ■ बेरोजगारी को लेकर साधा निशाना

हमला

तमसा संकेत, एजेंसी

**सीतापुर ।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर रविवार दोपहर सीतापुर पहुंचीं। यहां उन्होंने चिलवारा क्षेत्र में आयोजित एक PDA चौपाल के तहत कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और कानून-व्यवस्था, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरते हुए जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

अपने संबोधन में सीमा राजभर ने कहा कि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और आम जनता विभिन्न





समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसके कारण लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है।

सपा नेता ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं के हितों की आवाज उठाती रही है। उन्होंने पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) सामाजिक न्याय अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष अशफाक खान, सपा नेता देश दीपक भार्गव तथा कार्यक्रम आयोजक आलोक रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। नेताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी चुनावों के लिए बूथ स्तर तक तैयारी करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नेताओं ने आगामी चुनावों को लेकर रणनीति और संगठनात्मक तैयारियों पर भी चर्चा की। राजनीतिक जानकारों के अनुसार सीतापुर में सीमा राजभर का यह दौरा समाजवादी पार्टी के संगठनात्मक अभियान और चुनावी तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## वाहन की टक्कर से एक की मौत

### एक ही बाइक पर सवार थे तीनों व्यक्ति

तलाश

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ग्राम पारा स्थित पेट्रोल पंप के पास उस समय हुआ जब एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

पजानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल संख्या UP34 BZ 5613 पर सवार तीन लोग कहीं जा रहे थे। इसी दौरान पारा गांव के निकट पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अज्ञात



■ दो युवकों की हालत गंभीर, वाहन की तलाश जारी

चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही इमलिया सुल्तानपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया भिजवाया।

### सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन | कार्रवाई के आश्वासन पर माने ■ चाकू गोदकर की थी हत्या

## युवक का शव पहुंचते ही परिजन आक्रोशित

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई ।** हरदोई में युवक विनोद की मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो गए। लखनऊ से शव गांव पहुंचने के बाद रविवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने सेमरा चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक चले हंगामे और जाम के बाद पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।

परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क जाम कर दी। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया।





स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीओ सिटी अजीत चौहान और सुरसा थानाध्यक्ष विश्वास शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी तक प्रदर्शन खत्म करने को तैयार नहीं थे।

**सीओ सिटी अजीत चौहान ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।**

करीब डेढ़ घंटे तक चले गतिरोध के बाद पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और मामले में सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए और शव को सड़क से हटाकर अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

परिजनों ने बताया कि मृतक विनोद अपने पिता के इकलौते पुत्र थे। उनकी पत्नी रोहिणी सिंह शादी के छह वर्ष बाद गर्भवती हुई थीं।

ऐसे में विनोद की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## पंपिंग सेट की चपेट में आने से महिला की मौत

### हरदोई में खेत पर पानी पीते समय साड़ी बेल्ट में फंसी, इलाज के दौरान दम तोड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई जिले में एक महिला की पंपिंग सेट की चपेट में आने से शनिवार रात मौत हो गई। यह घटना टड़ियावां थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर के मजरा गद्दी पुरवा में हुई। 40 वर्षीय विमला देवी खेत पर काम करते समय पानी पीने गई थीं, तभी उनकी साड़ी पंपिंग सेट की बेल्ट में फंस गई। रविवार दोपहर पंचनामा भर कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

जानकारी के अनुसार, विमला देवी अपने पति सूरज कुमार के साथ खेत में धान की बेड़ लगाने का काम कर रही थीं। शाम को प्यास लगने पर वह अपने खेत से करीब 50 कदम दूर एक अन्य किसान के खेत में चल रहे पंपिंग सेट से पानी पीने गईं।



पानी पीने के लिए जैसे ही वह झुकीं, उनकी साड़ी का पल्लू चालू पंपिंग सेट की घूमती हुई बेल्ट में फंस गया। इंजन की तेज रफ्तार के कारण विमला खुद को संभाल नहीं पाईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं।

विमला की चीख सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग और गांव के संजय नामक युवक मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत इंजन बंद किया और परिजनों को सूचना दी। परिजन एम्बुलेंस की मदद से विमला को टड़ियावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए।

विमला की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। शनिवार रात इलाज के दौरान विमला देवी ने दम तोड़ दिया।

# सम्पादकीय

## हानिकारक दवाएं



केंद्र सरकार ने 16 ऐसी दवाओं पर रोक लगाने का फैसला किया, जिन्हें दो या इससे अधिक औषधियों को मिलाकर उन्हें गोली, कैप्सूल या सीरप के रूप में बनाया जाता है। फिक्स्ड डोज कांबिनेशन यानी एफडीसी कही जाने वाली इन दवाओं के निर्माण, वितरण और बिक्री पर रोक इसलिए लगानी पड़ी, क्योंकि यह पाया गया कि उनके उपयोग का कोई ठोस चिकित्सीय आधार नहीं था और उनका लगातार इस्तेमाल हानिकारक भी था।

प्रश्न यह है कि यदि ऐसा था तो फिर इन दवाओं को बनाने और बेचने की अनुमति दी ही क्यों गई? केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के इस स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि यह कदम जनस्वास्थ्य की रक्षा करने, दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देने और लोगों के लिए केवल वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

आखिर यह काम समय रहते क्यों नहीं किया गया? ध्यान रहे इनमें से कई दवाएं ऐसी हैं, जो न जानें कब से बन और बिक रही थीं। यह पहली बार नहीं है, जब एफडीसी दवाओं पर रोक लगाई गई हो। इसके पहले भी वैज्ञानिक समीक्षा के बाद कई एफडीसी दवाओं पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

किसी के लिए भी यह समझना कठिन है कि आखिर एफडीसी या फिर अन्य दवाओं की उपयोगिता, गुणवत्ता आदि की पहले ही जांच-परख क्यों नहीं होती? यहां इसकी भी अनदेखी न की जाए कि 16 दवाओं की जांच-परख सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश के बाद की गई। एक तरह से जो काम सरकार को अपने स्तर पर करना चाहिए था, वह उसने तब किया, जब सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए उसे निर्देश दिया। इससे यही पता चलता है कि अपने देश की दवा नीति ठीक नहीं।

इसके प्रमाण भी मिलते रहते हैं। रह-रहकर दोयम दर्जे की या फिर नकली दवाओं के मामले सामने आते ही रहते हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन जब भी दवाओं की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट जारी करता है तो यही सामने आता है कि तमाम दवाओं के सैंपल फेल पाए गए। कई बार दवाओं के सैंपल इतने खराब होते हैं कि राज्य सरकारों को संबंधित दवा कंपनियों के लाइसेंस निलंबित करने पड़ते हैं। इसके बाद भी घटिया, नकली दवाओं के बनने और बिकने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

सबसे चिंताजनक स्थिति कफ सीरप की है। पिछले वर्ष विषाक्त कफ सीरप के सेवन से 20 से अधिक बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद सरकार घटिया कफ सीरप बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्ती बरतती दिखाई दी, लेकिन सच यह है कि ऐसे कफ सीरप का निर्माण थम नहीं रहा है। अब सरकार ने यह तय किया है कि बिना डाक्टरों के पर्चे के कफ सीरप नहीं मिलेगा। कोई भी समझ सकता है कि घटिया कफ सीरप बनने और बिकने की गंभीर समस्या के समाधान का यह प्रभावी तरीका नहीं।

## योग दिवस

योगा वैसे योग शब्द का विकृत रूप हैं जो चल पड़ा हैं। अयोग अवस्था को प्राप्त करने का प्रारंभिक साधन- योग को सम्यक दिशा में प्रवर्तन करना पहली शर्त है। मन को शुभ बनाने में वचन और काय योग को सम्यक दिशा में मोड़ना मूल मंत्र हैं। ध्यान को शुद्ध एकाग्र करने में वर्तमान में कायोत्सर्ग से पहले योगा-कसरत करने के लिए भी कहते हैं। शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वस्थता का साधन योगाभ्यास है । सदियों से ही भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग योग रहा है ।आत्मिक व शारीरिक स्वस्थता का विशेष प्रसंग योग रहा है । विशेष रूप से स्वास्थ्य आधारित योग क्रियाएं होती है। ये हल्के व्यायाम की प्रक्रियाएं ऊर्जा प्रदान करती हैं । थोड़ा सा ध्यान का इनमें पुट भी होता है । जिनमें विशेष अंग पर ध्यान केंद्रित किया जाता है । योग का महत्वपूर्ण योगदान लोगों के मानसिक एवं शारीरिक स्वस्थता में प्राचीन काल से रहा है । इसीलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से अंतराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। भारतीय ऋषि-मुनियों की विशेष देन योग है ।आध्यात्मिक, शारीरिक, मानसिक उर्जा का श्रोत योग है। स्वस्थता एवं दीर्घायु का भी योग सुयोग है। योग सकारात्मकता की अभिवृद्धि करता है । चित्त वृत्तियों की निरोध शक्ति बढ़ाती है। मन और मस्तिष्क की एकाग्रता बढाता है। मन में जमे अवांछित विचार मिटाता है। 21 जून को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है । योग शास्त्र के अनुसार शरीर पर मन का गहरा प्रभाव पड़ता है । इसलिए यह अति आवश्यक हैं कि स्वस्थ तन के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ सकारात्मक स्वभाव रखना हैं । शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वस्थता का योगाभ्यास साधन है । यह अंतरात्मा के साथ एकाकार होने का भी अभ्यास है। योग का शाब्दिक अर्थ मिलन है। इसका तात्पर्य ! शुद्ध सात्विक भावों के साथ एकाकार तन-मन है । योग शारीरिक मानसिक एवं भावनात्मक अभ्यास है जो मनः शांति, तनाव मुक्ति एवं दृढ़ आत्म-विश्वास आदि देता है।

› प्रदीप छाजेड़

# राम मंदिर में चंदे की चोरी लापरवाही या नीयत में खोट

"अयोध्या स्थित राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में हर दिन नए तथ्य सामने आ रहे हैं। इससे मंदिर प्रबंधन पर लग रहे आरोपों के साथ-साथ संदेह भी बढ़ता जा रहा है। मंदिर निर्माण के समय दान देने वाले कुछ श्रद्धालु अब खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं और दान में दी गई वस्तुओं का सार्वजनिक हिसाब मांग रहे हैं।



राम मंदिर की दान राशि हेरफ़ेर का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। जिन लोगों के हाथ में मंदिर की व्यवस्था थी वो सभी सवालों के घेरे में हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों और कर्मचारियों से लेकर चंदे की गणना में लगे बैंककर्मी तक सवालों के घेरे में हैं। पूरे प्रांगण में ८०० कैमरे लगे हैं, उसके बाद भी चोरी कैसे हो गई। जब राम मंदिर आंदोलन चल रहा था, तब से लेकर आजतक चंदे का कोई लेखा-जोखा नहीं आया। इस मामले में बहुत बड़े-बड़े लोगों की संलिप्तता है। दावा तो ये भी किया जा रहा है कि कंस्ट्रक्शन में भी बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है। वहां लगातार चोरी हुई और उसे टालने की कोशिश की जा रही है। ये मामला गंभीर है। अब तक ट्रस्ट क्यों बना हुआ है। उसे अब तक बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए था। अगर चंदे की चोरी हो रही थी तो खुद ट्रस्ट को इसकी एफआईआर दर्ज करानी चाहिए थी। उसने ऐसा क्यों नहीं कराया? एसआईटी ने इतने दिन पूछताछ की, क्या उसने अभी तक कुछ बताया?

मुझे लगता है कि इन सबका बयान आना चाहिए था। इस मामले में संघ की चुप्पी ने मुझे हैरान किया है, प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी ने मुझे हैरान किया है। ये धर्म के साथ बहुत बड़ा अपराध है। सच्चाई सामने आनी चाहिए। एक हिदू होने के नाते मैं शमदा महसूस कर रहा हूं। चंपत राय मौन क्यों हैं? उन्हें सामने आकर बताना चाहिए। ये आस्था की चोरी हुई है। राम मंदिर आंदोलन के समय से ही पैसे का कभी कोई हिसाब नहीं दिया गया। रुपये दिए, लोगों ने जेवर दिए, शिलाएं दान कीं, जिनमें सोने-चांदी की शिलाएं थीं वो सब कहां गईं? ये सिर्फ हिंदुओं की आस्था का मामला नहीं है। राम भारतीयता का प्रतीक हैं। ये भारतीयता को तकलीफ देने वाला मामला है। ये जो एसआईटी बनी है, वो एसआईटी है ही नहीं। एसआईटी हमेशा एफआईआर के बाद गठित होती है। ये सिर्फ एक जांच कमेटी है। यहां ऐसा कुछ नहीं है।

आरोप सबसे अधिक अगर किसी पर लग रहे हैं तो वह चंपत राय, और उनके पूर्व चालक टिन्नू यादव पर । चंपत की नीयत पर किसी को संदेह नहीं है क्योंकि वह सरकारी नौकरी छोड़कर जिस तरह से संघ के कामकाज व राम मंदिर आंदोलन के लिए अपनी सर्वोच्च क्षमता के साथ पूरी ईमानदारी से लगे थे । मुझे अच्छी तरह याद है जब राम मंदिर का उद्घाटन था और मैंने उनसे पूछा कि राम मंदिर के निर्माण में बहुत पैसा आयेगा, इसको कैसे व्यवस्थित रखा जायेगा, तो उन्होंने कहा था कि राम के पैसे की व्यवस्था की जरूरत नहीं, उनके पैसे की निगरानी नहीं. सारा पैसा ईमानदारी से मंदिर निर्माण में लगेगा, और जो राम का पैसा लेगा, उसे कुष्ठ रोग जैसी बीमारी लगेगा। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि उनकी कोई संलिप्तता होगी लेकिन चूंकि व्यवस्था उन्हीं के हाथों में है तो उनको जांच रिपोर्ट आने तक खुद को इस्तीफा देकर अलग कर लेना चाहिए।


अगर सही समझें तो राम मंदिर के दानपात्रों की धनराशि में हेराफ़ेरी किए जाने के साथ ही इससे जुड़े साक्ष्यों को मिटाने का खेल भी लंबे समय से चल रहा था। गबन के खेल में जो ट्रस्ट कर्मी नहीं शामिल होते थे, उन्हें निकाल दिया जाता था या फिर धमकियां देकर अयोध्या छोड़ने को मजबूर किया जाता था। यह तथ्य न केवल विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच में साबित होता नजर आ रहा है बल्कि पूर्व लेखा प्रभारी महिपाल सिह व ट्रस्ट के इंजीनियर रहे प्रयागराज के दीनानाथ वर्मा के बयान भी इसे प्रमाणित कर रहे हैं। महिपाल सिह के दावे तब सत्य होते दिखे, जब एसआईटी जांच में गणना कक्ष के सीसी कैमरों की फुटेज केवल डेढ़ माह की मिली। टीम ने डिलीट किए गए पुराने डेटा को रिकवर कराने और छेड़छाड़ की जांच के लिए इसे दिल्ली स्थित प्रयोगशाला में भेजा है। दानराशि में चोरी का प्रकरण पांच जून को सामने आने के बाद से अब तक कई तथ्य व पूर्व कर्मियों के बयान सामने आ चुके हैं। यहां तक कि राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र भी मीडिया के सामने आकर इसकी स्वीकारोक्ति कर चुके हैं। उन्होंने भी दानराशि के संग्रहण में हुई वित्तीय पारदर्शिता की चूक को स्वीकारा है और पूरे सिस्टम को बदलने की आवश्यकता जताई है। इससे पहले ट्रस्ट के पूर्व लेखा प्रभारी महिपाल सिह ने सामने आकर यह दावा पहले ही कर दिया था कि मंदिर व्यवस्था से जुड़े रामशंकर यादव टिन्नू ने गणना कक्ष के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके आठ महीने का डेटा डिलीट करा दिया था। उन्होंने विरोध किया तो उन्हें निकलवा दिया गया और धमकियां दी गईं। प्रकरण ने तूल पकड़ा तो 13 जून को राज्य सरकार ने एसआईटी गठित कर मामले की जांच शुरू करा दी। छह दिनों की जांच में यह प्रमाणित हो गया कि सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ की गई है। इसी बीच ट्रस्ट के पूर्व इंजीनियर दीनानाथ वर्मा भी सामने आ गए और उन्होंने निर्माण सामग्री के बिल पर ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के ४० प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए सनसनी फैला दी। वर्मा ने यह भी बताया कि वह जब विरोध करने लगे तो उन्हें गणना में लगा दिया गया। वहां भी जब विरोध किया तो अयोध्या छोड़ देने की धमकियां दी गईं। इससे स्पष्ट है कि गबन का यह खेल वर्षों से चल रहा था। इसे अपने रिश्तेदारों व परिचितों को भर्ती करा कर अनुकल्प मिश्रा गति देता रहा। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसि-एशन के नॉर्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी ने बताया कि देशभर के सराफा कारोबारियों ने १०-१० और २०-२० ग्राम चांदी भेजकर करीब ६० किलो चांदी एकत्र की थी। इस चांदी को गलाकर एक से सवा किलो वजन की ईंटें तैयार की गई थीं जिन पर दानदाताओं के नाम और गोत्र अंकित थे। इसके अलावा ऋषिकेश एसोसिएशन की ओर से एक किलो चांदी का कलश भी भेंट किया गया था। रस्तोगी के मुताबिक, २० जुलाई २०२० को चंपत राय की सहमति के बाद ये चांदी की ईंटें अयोध्या स्थित रामकचहरी में सौंपी गई थीं। उस समय चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा और कैशियर प्रकाश गुप्ता मौजूद थे। दान सामग्री स्वीकार करने के बाद शुद्धता प्रमाण पत्र और रसीद भी जारी की गई थी। उनका कहना है कि इन ईंटों को नींव पूजन में उपयोग करने का अनुरोध किया गया था लेकिन बाद में इनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। रस्तोगी ने यह भी दावा किया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से एक-एक किलो के दो चांदी के दीपक, दो चांदी के कटोरे, २०० ग्राम की पंचधातु सिल्ली और नाग-नागिन का जोड़ा दान किया था।

**राजेश श्रीवास्तव**

## 'विक्रम' मासिक ...

देशना जैन

# भारत की आजादी के शुभ मुहूर्त प्रदाता : पं. सूर्यनारायण व्यास



भारतीय सभ्यता में समय-समय पर ऐसे व्यक्तित्व उभरे हैं जिनकी प्रतिभा को किसी एक दायरे में बांधना मुश्किल है। पं. सूर्यनारायण व्यास ऐसे ही एक नाम हैं। उज्जैन की धरती से निकले इस ज्योतिषाचार्य, क्रांतिकारी, साहित्यकार, पत्रकार और पुरातत्त्ववेत्ता को भारतीय अस्मिता का एक प्रखर प्रतीक कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। 2 मार्च 1902 को जन्म और 22 जून 1976 को निधन—बीच के इन वर्षों में उन्होंने जो कुछ रचा, वह भारतीयता की जड़ों को संस्कृत, ज्योतिष, इतिहास, साहित्य और स्वाधीनता संग्राम से जोड़ने वाला एक पूरा सेतु बन गया।

जन्म उज्जैन के सिंहपुरी मोहल्ले के एक विद्वान परिवार में हुआ। पिता पं. नारायणजी व्यास महर्षि सांदीपनी की परंपरा के वाहक थे—संस्कृत, ज्योतिष और व्याकरण के गहरे जानकार। कहते हैं कि वे दोनों हाथों से एक साथ लिख सकते थे, और उनकी इस ख्याति के चलते लोकमान्य तिलक और मदनमोहन मालवीय जैसे लोग उनसे मिलने उज्जैन आते थे। ऐसे माहौल में बड़े हुए सूर्यनारायणजी के लिए विद्या और राष्ट्रप्रेम बचपन से ही जीवन का हिस्सा बन गए थे।

संस्कृत, हिंदी, गुजराती, मराठी, बंगला—इतनी भाषाओं पर उनकी पकड़ थी कि 14-15 साल की उम्र में ही उनकी रचनाएं छपने लगी थीं। 1916 में माधव कॉलेज की पत्रिका में मराठी रचना 'शारदोत्सव' प्रकाशित हुई। शुरुआती दिनों में उर्दू शायरी भी की, 'शम्स उज्जयिनी' के नाम से। उस दौर का उज्जैन क्रांतिकारियों का अड्डा बन चुका था, और सूर्यनारायण उस माहौल से अनछुए नहीं रहे। 1921 से वे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए। सिद्धनाथ माधव आगरकर के संपर्क में आकर तिलक की जीवनी का अनुवाद किया। सावरकर की 'अंडमान की गूंज' ने उन्हें गहरे तक प्रभावित किया था। 1930 के अजमेर सत्याग्रह में उज्जैन के जत्थे की अगुआई की और लॉर्ड मेयो की मूर्ति तोड़ने जैसे जोखिम भरे कामों में भी शामिल रहे। उस मूर्ति का एक टूटा हाथ बरसों उनके 'भारती भवन' में पड़ा रहा। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उन्होंने गुप्त रेडियो स्टेशन चलाया। उनके गुरुकुल में कई क्रांतिकारी वेश बदलकर छिपे रहते थे—एक तरफ ज्योतिषी, दूसरी तरफ क्रांतिकारी, यह संयोग कम ही देखने को मिलता है। 1930 में ही उन्होंने कह दिया था कि भारत अगस्त 1947 में आजाद होगा।

सबसे ज्यादा चर्चा जिस बात की होती है, वह है भारत की आजादी का मुहूर्त तय करने में उनकी भूमिका। 1946-47 के आखिरी दिनों में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने, जिनकी रुचि आध्यात्मिक विषयों में भी थी, गोस्वामी गणेश दत्त महाराज के जरिए उन्हें दिल्ली बुलाया। अंग्रेजों ने 14 और 15 अगस्त की दो तारीखें दी थीं। पंचांग देखकर पं. व्यास ने बताया कि 14 अगस्त का लग्न अस्थिर है, इसलिए 15 अगस्त बेहतर रहेगा। आधी रात को ध्वजारोहण का सुझाव भी उनका ही था, जिसे मान लिया गया—और इसी वजह से लाल किले पर तिरंगा ठीक मध्यरात्रि में फहराया गया। संसद भवन के शुद्धिकरण की सलाह भी उन्होंने दी थी। पाकिस्तान को मिले 14 अगस्त के मुहूर्त के बारे में उन्होंने पहले ही कह दिया था कि यह अस्थिर साबित होगा, जो आगे की घटनाओं में सही निकला। यह सब केवल ज्योतिषीय कौशल का मामला नहीं था; इसमें भारतीय अस्मिता को वैदिक परंपरा से जोड़ने की एक गहरी कोशिश भी थी।

'विक्रम' मासिक पत्र के संपादक के तौर पर उन्होंने 2500 से ज्यादा संपादकीय लिखे—'व्यास उवाच' और 'बिन्दु-बिन्दु' के शीर्षक से। 1937 में यूरोप गए, और वहां से लौटकर 'सागर प्रवास' जैसी क्लासिक यात्रा-वृत्तांत लिखी। व्यंग्य लेखन में भी उनका नाम ऊंचा रहा—1935 में आया पहला संग्रह 'तू-तूः मैं-मैं' इसका उदाहरण है। उनके व्यंग्य में फूहड़पन नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समझ की झलक मिलती थी। हिंदी व्यंग्य की शुरुआती और प्रभावशाली परंपरा में उनका नाम गिना जाता है।

कविता, निबंध, संस्मरण, इतिहास, पुरातत्त्व—लगभग हर विधा में उनकी कलम चली।

## लोकतांत्रिक...

सौरभ वार्ष्णेय

# सत्ता पक्ष में जाने के बाद क्या बागी सांसदों को टिकट मिलेगा?

भारतीय राजनीति में दल-बदल कोई नई घटना नहीं है। समय-समय पर विभिन्न दलों के नेता और सांसद राजनीतिक परिस्थितियों, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं या वैचारिक मतभेदों के कारण अपने दल छोड़कर दूसरे दलों का दामन थामते रहे हैं। हाल के वर्षों में कई राज्यों में यह प्रवृत्ति और अधिक बढ़ी है। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि सत्ता पक्ष में शामिल होने वाले बागी सांसदों को क्या अगले चुनाव में टिकट मिलेगा? राजनीति में टिकट का निर्धारण केवल निष्ठा के आधार पर नहीं होता, बल्कि जीत की संभावना, जनाधार और पार्टी की रणनीति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सत्ता पक्ष आमतौर पर उन नेताओं को अपने साथ जोडऩा चाहता है जो चुनावी दृष्टि से लाभकारी साबित हो सकते हैं। इसलिए यदि कोई बागी सांसद अपने क्षेत्र में मजबूत जनाधार रखता है और उसके आने से पार्टी को राजनीतिक फायदा होता है, तो उसे टिकट मिलने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि यह भी सच है कि किसी दल में वर्षों से कार्य कर रहे पुराने कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए ऐसे फैसले असंतोष का कारण बन सकते हैं। जब बाहर से आए नेता को प्राथमिकता मिलती है, तो संगठन के भीतर नाराजगी बढने का खतरा रहता है। कई बार यही नाराजगी चुनावी नुकसान का कारण भी बन जाती है। इसलिए राजनीतिक दलों को संतुलन बनाकर चलना पड़ता है।

दूसरी ओर, बागी सांसदों के सामने भी चुनौती कम नहीं होती। दल बदलने के बाद उन्हें नए दल की विचारधारा, संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच अपनी स्वीकार्यता साबित करनी पड़ती है। केवल सत्ता पक्ष में शामिल हो जाना टिकट या राजनीतिक भविष्य की गारंटी नहीं है। यदि पार्टी नेतृत्व को लगता है कि संबंधित नेता चुनाव जिताने में सक्षम नहीं है, तो टिकट किसी अन्य उम्मीदवार को भी दिया जा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में दल-बदल की बढ़ती घटनाएं राजनीतिक सिद्धांतों और जनादेश की भावना पर भी सवाल खड़े करती हैं। मतदाता किसी उम्मीदवार के साथ-साथ उसकी पार्टी और विचारधारा को भी ध्यान में रखकर मतदान करता है। बागी सांसदों को टिकट मिलेगा या नहीं, इसका निर्णय राजनीतिक समीकरणों, जनाधार, संगठनात्मक संतुलन और चुनावी संभावनाओं पर निर्भर करेगा। लेकिन यह अपेक्षा अवश्य की जानी चाहिए कि राजनीति में अवसरवादिता के बजाय जनसेवा, सिद्धांत और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्राथमिकता मिले। भारतीय लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनावों से नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों की निष्ठा, सिद्धांतों तथा जनसेवा की भावना से तय होती है। दुर्भाग्यवश, हाल के वर्षों में दल-बदल, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं और सत्ता प्राप्ति की राजनीति ने अवसरवादिता को बढ़ावा दिया है। इससे जनता के बीच राजनीति की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगने लगे हैं। राजनीति का मूल उद्देश्य समाज और राष्ट्र की सेवा है। जनता अपने प्रतिनिधियों को इस विश्वास के साथ चुनती है कि वे उनके हितों, समस्याओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। लेकिन जब निर्वाचित प्रतिनिधि व्यक्तिगत लाभ, पद या सत्ता के लिए बार-बार राजनीतिक निष्ठा बदलते हैं, तो मतदाताओं का विश्वास कमजोर होता है। लोकतंत्र में यह स्थिति स्वस्थ नहीं मानी जा सकती।

## जरा हटके

## प्रदेश सरकार की ...

प्रवीण मालवीय, सूचना अधिकारी

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बना हरित ऊर्जा क्रांति का अग्रदूत



प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करते हुए स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश को ''विंड प्रोक्योरमेंट चैम्पियन'' सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार प्रदेश की दूरदर्शी ऊर्जा नीति, मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति और ऊर्जा क्षेत्र में हुए व्यापक परिवर्तन की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश आज केवल देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य ही नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा और हरित विकास के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने वर्ष 2017 में प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद प्रदेश को विकास और सुशासन को नई दिशा दी है। ऊर्जा क्षेत्र को उन्होंने राज्य के विकास का आधार माना और इसी सोच के अनुरूप बिजली उत्पादन, वितरण, आपूर्ति तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार पर विशेष बल दिया। आज उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक विद्युत उपभोग करने वाला राज्य बन चुका है। प्रदेश में बिजली की मांग लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है और सरकार इस बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा स्रोतों को भी तेजी से बढ़ावा दे रही है। ''विंड प्रोक्योरमेंट चैम्पियन'' सम्मान इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। सामान्यतः पवन ऊर्जा उत्पादन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश को प्राकृतिक रूप से अनुकूल राज्य नहीं माना जाता, क्योंकि यहां समुद्री तट या तेज हवाओं वाले क्षेत्र नहीं हैं। इसके बावजूद मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए अन्य राज्यों में स्थापित पवन ऊर्जा परियोजनाओं से दीर्घकालिक अनुबंधों के माध्यम से बड़ी मात्रा में हरित ऊर्जा खरीदने का निर्णय लिया। यह निर्णय प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। उत्तर प्रदेश द्वारा भारतीय सौर ऊर्जा निगम तथा पावर ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन (च्ज्ब्) के माध्यम से लगभग 5805 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता का दीर्घकालिक प्रबंध किया है। इनमें से लगभग 1630 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं चालू होकर प्रदेश को हरित ऊर्जा उपलब्ध करा रही हैं। यह उपलब्धि बताती है कि प्रदेश सरकार केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री जी की ऊर्जा नीति का मूल उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को निर्बाध, सस्ती और पर्यावरण-अनुकूल बिजली उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू किए हैं। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' के क्रियान्वयन में प्रदेश ने देशभर में अग्रणी स्थान हासिल किया है। लाखों परिवारों के घरों की छतों पर सौर संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिक बिजली उत्पादन में सहभागी बन रहे हैं।

प्रदेश सरकार की नीतियों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में सौर ऊर्जा, बायो ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा अन्य नवीकरणीय स्रोतों के उपयोग को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य केवल बिजली उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करना भी है। विशेषज्ञों का मानना है कि पवन ऊर्जा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह गर्मियों के दौरान तथा शाम और रात्रि के समय भी उपलब्ध रहती है, जब बिजली की मांग सर्वाधिक होती है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश ने अपनी ऊर्जा रणनीति में पवन ऊर्जा को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। इससे ऊर्जा स्रोतों में विविधता बढ़ रही है और बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर एवं विश्वसनीय बन रही है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक निर्धारित नवीकरणीय ऊर्जा उपभोग दायित्व लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अतिरिक्त 5,000 मेगावाट पवन ऊर्जा खरीदने की कार्ययोजना पर कार्य किया है। यह योजना भविष्य में प्रदेश को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाएगी। योगी सरकार के नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में हुए सुधारों का प्रभाव केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं हैं। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिली है। हरित ऊर्जा परियोज-नाओं के विस्तार से निवेश आकर्षित हो रहा है, रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं तथा उद्योगों को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध हो रही है। ऊर्जा क्षेत्र की मजबूती ने उत्तर प्रदेश को निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जो विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने का सफल प्रयास किया हैं। विकास की गति को बनाए रखते हुए पर्यावरणीय जिम्मेदारियों का निर्वहन करना समय की आवश्यकता है। सरकार की इसी सोच का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। ''विंड प्रोक्योरमेंट चैम्पियन'' सम्मान यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा क्षेत्र में केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने तक ही सीमित दृष्टिकोण नहीं अपनाया है, बल्कि राष्ट्रीय ऊर्जा परिवर्तन अभियान में भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

# आप ने चंदा चोरी पर किया प्रदर्शन

## बाराबंकी में ट्रस्ट को ₹420 का प्रतीकात्मक चेक भेजकर जताया विरोध

**राम मंदिर**

तमसा संकेत, एजेंसी

**बाराबंकी।** बाराबंकी में आम आदमी पार्टी (AAP) ने रविवार को भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए चंदे में कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। बाराबंकी के नगरकोट क्षेत्र में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के आह्वान पर जिला मुख्यालयों और प्रमुख चौराहों पर भिक्षाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कटोरे और तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से 420 का चेक तैयार कर चंपत राय को भेजने की घोषणा की।






बाराबंकी में प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ₹चंदा चोरों गद्दी छोड़ो₹, ₹राम भक्तों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान₹ और ₹श्रीराम के नाम पर भ्रष्टाचार बंद करो₹ जैसे नारे लगाए। पार्टी नेताओं ने राम मंदिर निर्माण और ट्रस्ट से जुड़े मामलों में कथित भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की मांग की।

जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह ने आरोप लगाया कि भगवान श्रीराम के नाम पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने इसे करोड़ों रामभक्तों की आस्था के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि उन्हें धन की आवश्यकता है तो वे जनता से मांग लें, लेकिन मंदिर के धन में कथित हेराफेरी स्वीकार नहीं की जा सकती।

अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने दावा किया कि पार्टी द्वारा पूर्व में सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों में मंदिर ट्रस्ट से संबंधित भूमि खरीद में अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर बाजार मूल्य से कहीं अधिक कीमत पर जमीन खरीदने के मामले सामने आए हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

> पार्टी नेताओं ने मांग की कि पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में समयबद्ध जांच कराई जाए। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कार्यक्रम में रवि पांडे, अफसाना बानो, राजू शुक्ला, नन्हे राम यादव, अजय वर्मा, रामप्रताप यादव, आकाश वर्मा, बलवंत यादव, नफील खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एम्स रायबरेली में योग क्लब का शुभारंभ

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

तमसा संकेत, एजेंसी

**रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के निदेशक द्वारा 'योग क्लब' का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के आयुर्वेद विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर ओ.पी. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एम्स के डॉक्टरों, फैकल्टी सदस्यों, छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने बड़ी संख्या में सामूहिक योगाभ्यास किया।

एम्स की निदेशक डॉ. अमिता जैन ने बताया कि योग दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान पिछले दो-तीन दिनों से सक्रिय था। इस दौरान सुबह के समय योग कक्षाओं का संचालन किया जा रहा था। साथ ही, ओपीडी में आने वाले मरीजों और उनके



तीमारदारों के लिए भी विशेष योग सत्र आयोजित किए गए थे।

डॉ. जैन ने बताया कि मुख्य आयोजन में सभी स्टाफ, फैकल्टी और छात्रों ने मिलकर योग किया। सुहावने मौसम के बीच बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने इस अनुभव को बेहद सुखद बना दिया।

डॉ. अमिता जैन ने एम्स की इस उपलब्धि और भविष्य की योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग क्लब के माध्यम से अब नियमित रूप से योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। कैंपस में रहने वाले सभी छात्र, स्टाफ और फैकल्टी प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से संस्थान के प्रांगण में सामूहिक योग के लिए एकत्रित होंगे।

**फास्ट न्यूज**

### 8 चोर गिरफ्तार, वाहन बरामद

**रायबरेली।** रायबरेली जनपद में सलोन पुलिस ने एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में 8 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें, एक ई-रिक्शा और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस को यह सफलता 19 जून 2026 को मुखबिर की सटीक सूचना पर मिली। सलोन पुलिस ने घेराबंदी कर इन अभियुक्तों को पकड़ा। इनके कब्जे से 10 चोरी की मोटरसाइकिलें, एक ई-रिक्शा, 3 अवैध तमंचे और 3 जिंदा कारतूस जब्त किए गए।

### वृद्ध की तालाब में डूबने से मौत

**रायबरेली।** रायबरेली के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के राजा का पुरवा मजरे दहिगवां में शनिवार को एक वृद्ध की तालाब में डूबने से मौत हो गई। 72 वर्षीय हरी पुत्र रघुवीर अपनी भैंसों को नहलाने के लिए तालाब गए थे, तभी यह हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक, हरी रोज की तरह अपनी भैंसों को नहलाने के लिए घर से निकले थे। घर से लगभग 500 मीटर दूर स्थित चांद के तालाब में वह भैंसों को नहला रहे थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। वृद्ध के शोर मचाने पर आसपास पशु चरा रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद उन्हें तालाब से बाहर निकाला। परिजन उन्हें तत्काल निजी वाहन से अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

### 20 केंद्रों पर नीट पेपर -कड़ी चेकिंग के बाद एंट्री

**आगरा।** आगरा में 20 केंद्रों पर नीट की परीक्षा शुरू होने वाली है। इसके लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम किए गए हैं। 3 लेयर में निगरानी होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है। वहीं प्रश्नपत्रों को बैंकों से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए गए हैं। 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 9688 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक केंद्र पर सीआरपीएफ के दो जवान और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के दो जवान तैनात किए गए हैं।

# गोलू हत्याकांड पर फूटा लोगों का गुस्सा

## पुलिस ने 25-25 लाख लेकर आरोपियों को छोड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

**कानपुर।** कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथीपुर गांव निवासी 28 वर्षीय गोलू सिंह हत्याकांड को लेकर रविवार को ग्रामीणों, परिजनों और विश्व हिंदू परिषद (VHP) कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर महाराजपुर थाने पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी पर नाराजगी जताते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और आरोपियों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपियों से 25-25 लाख लेकर आरोपियों को छोड़ने का आरोप लगाया।

रविवार को हाथीपुर गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण, मृतक के परिजन


गोलू सिंह, मृतक

और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता महाराजपुर थाने पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपियों को बचाने का काम किया है। थाने के बाहर भारी भीड़ जुटने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए विभिन्न पुलिस चौकियों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर तैनात किया गया।

## रायबरेली में 6 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजन ■ बायोमेट्रिक जांच और खुफिया तंत्र रहा सक्रिय

# 2718 परीक्षार्थियों ने दी नीट परीक्षा

**सुरक्षा**

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। नीट की पुनः परीक्षा रविवार को देश के सैकड़ों शहरों और विदेश के 14 केंद्रों पर आयोजित की गई। रायबरेली में भी छह परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई, जिसमें कुल 2718 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इनमें सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, बायोमेट्रिक जांच और अन्य कई सावधानियां शामिल थीं। खुफिया तंत्र भी सक्रिय रहा ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके।

परीक्षा से पहले, शनिवार शाम को रिजर्व पुलिस लाइन में एक





विशेष ब्रीफिंग का आयोजन किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आलोक कुमार सिंह ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर आयोजित इस ब्रीफिंग में परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, अभ्यर्थियों की सुगम एंट्री, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

एएसपी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से अपनी जिम्मेदारी का पूरी गंभीरता से निर्वहन करने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि सुरक्षा में चूक या लापरवाही सामने आने पर संबंधित कर्मी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता बढ़ाने और अभ्यर्थियों व अभिभावकों के साथ शालीन व्यवहार रखने के भी निर्देश दिए।

रायबरेली पुलिस ने यह साफ संकेत दिया है कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरे जिले में कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

## बाराबंकी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

# खाद्य मंत्री सतीश शर्मा सहित कई लोगों ने किया योगाभ्यास

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में एक सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। सभी ने मिलकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

योग कार्यक्रम की शुरुआत ओम उच्चारण के साथ हुई। प्रशिक्षकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन,



वज्रासन और प्राणायाम जैसी विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। उपस्थित लोगों ने पूरे उत्साह के साथ योग सत्र में भाग लिया।

मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र शर्मा ने योग को मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहता है। मंत्री ने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपील की। इस अवसर पर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प भी लिया गया।

# योग दिवस की होर्डिंग फाड़ी गई

## भाजपा कार्यकर्ता ने अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**क्षतिग्रस्त**

तमसा संकेत, एजेंसी

**बाराबंकी।** बाराबंकी के रामनगर क्षेत्र में विश्व योग दिवस से संबंधित एक होर्डिंग को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। अमोली कला गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता गौरीकांत दीक्षित ने रामनगर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गौरीकांत दीक्षित ने थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि रामनगर-फतेहपुर मार्ग पर विश्व योग दिवस कार्यक्रम के प्रचार के लिए लगाई गई होर्डिंग को रात में नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे






पहले भी उनके द्वारा लगाए गए कई कार्यक्रमों के प्रचार बोर्डों को क्षतिग्रस्त किया जा चुका है।

दीक्षित ने बताया कि क्षतिग्रस्त होर्डिंग पर प्रधानमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के चित्र भी लगे थे। उनका कहना है कि यह मामला केवल प्रचार सामग्री को नुकसान पहुंचाने तक सीमित नहीं है, और इस घटना को लेकर कार्यकर्ताओं में आक्रोश है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस से क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि घटना से संबंधित कुछ वीडियो फुटेज उनके पास उपलब्ध हैं, जिन्हें जांच के दौरान पुलिस को सौंपा जाएगा।

रामनगर पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## यात्रा : नागेश्वर नाथ मंदिर में पूजा के बाद वाहन रवाना ■ पूर्व मंत्री ने की सराहना

# अमरनाथ यात्रा के लिए भंडारा दल रवाना

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी से श्री बर्फानीश्वर महादेव सेवा समिति का भंडारा दल अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हो गया है। यह दल जम्मू-कश्मीर में बाबा बर्फानी के भक्तों की सेवा के लिए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन करेगा। नगर के प्रसिद्ध नागेश्वर नाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भंडारे की सामग्री लेकर जा रहे वाहनों को रवाना किया गया।

इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और भंडारे की सामग्री ले जा रहे वाहनों की आरती उतारकर तथा नारियल फोड़कर उन्हें रवाना





किया।

इस अवसर पर अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि बाबा बर्फानी के भक्तों की सेवा से आध्यात्मिक शांति और आत्मिक संतुष्टि मिलती है। उन्होंने निस्वार्थ भाव से की गई सेवा को सबसे बड़ा पुण्य कार्य बताया। उन्होंने समिति के प्रधान अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा और सभी सेवादारों की सराहना करते हुए कहा कि कठिन पर्वतीय क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सेवा करना अत्यंत प्रशंसनीय है।

पूर्व मंत्री ने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की कि समिति के सभी सदस्य सकुशल अपनी यात्रा पूरी करें और जिस उद्देश्य से वे जा रहे हैं, वह सफलतापूर्वक संपन्न हो। इस शोभायात्रा एवं प्रस्थान कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, सभासद ताज बाबा, पंकज मिश्रा, बृजेश यादव, राजन शर्मा सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नीट-यूजी परीक्षा: 2788 अभ्यर्थी शामिल

# 8 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच दोपहर 2 बजे से आयोजित

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की जा रही है। जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर कुल 2788 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

यह परीक्षा देशभर में आयोजित की जा रही है, जिसमें लगभग 22 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं और 5500 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

बाराबंकी के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित सभी केंद्रों पर दोपहर 12 बजे से अभ्यर्थियों का



प्रवेश शुरू हो गया था। प्रवेश से पहले छात्रों की सघन जांच की गई। सुरक्षा कर्मियों ने मेटल डिटेक्टर और विशेष स्कैनिंग उपकरणों का उपयोग कर अभ्यर्थियों के बालों तक की जांच की।

परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जा रही है। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले ही केंद्रों में प्रवेश दे दिया गया था। जिले के सभी आठ केंद्रों पर पुलिस, प्रशासन, सीआरपीएफ और एसटीएफ की टीमें सतर्कता से तैनात हैं। सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी आसपास निगरानी कर रहे हैं।

# यूपी में भीषण गर्मी, बाघिन पूल में दिन काट रही

## गैंडे के लिए स्प्रिंकलर लगाए, 31 शहरों में लू का अलर्ट, बांदा देश में सबसे गर्म

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज/कानपुर। यूपी में मानसून के लेट होने से गर्मी बढ़ गई है। रविवार को ज्यादातर शहरों में तेज धूप है। गाजियाबाद और बरेली में बादल छाए हैं। लखनऊ और आसपास के इलाकों में तेज हवा चल रही है। आज बारिश के आसार नहीं हैं। हालांकि, बादलों की आवाजाही जारी रहने से कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।

गोरखपुर में इतनी गर्मी पड़ रही है कि चिड़ियाघर में बाघिन दिनभर स्विमिंग पूल में बैठी रहती है। शाम को गर्मी कम होने के बाद ही बाहर आती है। कानपुर में गैंडे के लिए स्प्रिंकलर लगवाए गए हैं। दिन में कई बार वह पानी की फुहारों में नहाता दिखाई देता है।



गोरखपुर जू में बाघिन दिनभर पानी में बैठी रहती है। शाम होने पर ही बाहर आती है।

मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, आज 31 शहरों में हीटवेव (लू) का अलर्ट है। मानसून अब भी यूपी-बिहार बॉर्डर तक पहुंचने के बाद अटका हुआ है। पिछले 8-9 दिनों से यह महराजगंज के पास ठहरा है। मौसम विभाग (IMD) का कहना है कि 23 जून से मानसून आगे बढ़ सकता है। 25 जून तक इसके यूपी में एंट्री के आसार हैं। तब तक पूर्वी और बुंदेलखंड के कई जिलों में गर्म हवाएं चलने और तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है।इससे पहले, शनिवार को लखनऊ, हाथरस, सोनभद्र समेत 6 शहरों में बारिश हुई। लोगों को गर्मी से थोड़ी देर के लिए राहत मिली। बांदा देश का सबसे गर्म शहर रहा।

> लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया यूपी में 3-4 दिन भीषण गर्मी चलेगी। पारा लगातार बढ़ता रहेगा। लू की स्थिति और गंभीर होगी। मानसून की रफ्तार अब भी धीमी है। फिलहाल मानसून की एंट्री के हालात नहीं बन पाए हैं। मानसून के लिए अभी कम से कम 5 दिन इंतजार करना पड़ सकता है।

### अल नीनो के हालात भी बन रहे, असमान बारिश की आशंका

अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन (NOA) ने उपग्रह के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार इंटरट्रॉपिकल कन्वर्जेंस जोन पर्याप्त गति से सक्रिय नहीं हो पाया है, इससे मानसून की रफ्तार धीमी है। यह सामान्य रूप से जून के मध्य तक उत्तर की ओर बढ़कर भारत में नमी खींचता है।

अल नीनो की परिस्थितियां भी बन रही हैं। इससे लंबे समय तक सूखा और असमान बारिश देखने को मिल सकती है। उपग्रह के आंकड़े पूर्वी भारत में सक्रिय गरज-चमक का संकेत देते हैं। लेकिन मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और पश्चिमी भारत में बादलों का घनापन कम है।



कानपुर में बने जू में भीषण गर्मी के बीच एक गैंडा स्प्रिंकलर से निकलने वाली बौछारों का मजा लेता दिखाई दिया।

### बरेली में बादलों की आवाजाही के बीच धूप

बरेली में आज सुबह से ही धूप की आंख-मिचौली देखने को मिल रही है। सुबह से ही गर्मी की वजह से सड़कों भीड़ कम नजर आ रही है। न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। बीच-बीच में कभी बादल तो कभी हल्की धूप रहेगी।

## नाबालिग मामा ने पोर्न देखकर मासूम भांजी से किया रेप

### गोरखपुर पुलिस ने पकड़ा तो रोने लगा

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । 'मैं रात में मोबाइल पर पोर्न देख रहा था। फिर में रात करीब 12 बजे उठा। मैं बहन के पास पहुंचा, उसके बगल में सो रही मासूम भांजी को उठाकर घर से निकल गया। लगभग 500 मीटर दूर खेत में उसका रेप किया। वह खून से लथपथ हो गई तो डरकर भाग गया।'ये कबूलनामा है 12 साल के आरोपी मामा का, जिसने गोरखपुर में शुक्रवार रात 9 महीने की भांजी के साथ रेप किया था। शनिवार सुबह बच्ची घर से 500 मीटर दूर खेत में खून से लथपथ मिली थी। वह दर्द से कराह रही थी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बच्ची को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। ब्लीडिंग न रुकने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

मेडिकल में बच्ची के साथ रेप की पुष्टि हुई है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी को



हिरासत में ले लिया है। कस्टडी में उसने हाथ जोड़कर पुलिस से कहा- साहब, गलती हो गई। फिर फूट-फूटकर रोने लगा। जांच में उसके मोबाइल से 50 से ज्यादा अश्लील वीडियो मिले हैं। घटना गुलरिहा थाना क्षेत्र की है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला बच्ची के साथ शुक्रवार रात सो रही थी। रात करीब 2 बजे जब नींद खुली तो बच्ची बिस्तर से लापता थी। परिवार के लोग पूरी रात गांव और आसपास के इलाकों में बच्ची की तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

**फास्ट न्यूज**

### कचहरी-संदहा रास्ते के मकानों पर चला बुलडोजर

वाराणसी। वाराणसी में कचहरी-संदहा मार्ग चौड़ीकरण परियोजना के तहत रविवार को प्रशासन ने अवैध निर्माणों और अधिग्रहित भवनों पर बुलडोजर चलाया। लोक निर्माण विभाग (PWD) की टीम, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश और निशानदेही की जांच के बाद ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया गया।

### प्रयागराज प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म शहर

प्रयागराज । प्रयागराज में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार सुबह से ही तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह के समय ही तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना रहा, जिससे दिन की शुरुआत से ही उमस भरी गर्मी का असर दिख रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रयागराज रविवार को 43.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म जिला रहा। पिछले एक सप्ताह से शहर में तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया जा रहा है, जिसके चलते लोगों को भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है।

### हरदोई में दो सड़क हादसों में दो की मौत

हरदोई । हरदोई जनपद में तेज रफ्तार वाहनों के कारण हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो राहगीरों की मौत हो गई। ये घटनाएं मल्लावां और पाली थाना क्षेत्रों में हुईं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पहली घटना मल्लावां कोतवाली क्षेत्र में हुई। अटवारा चकोला जलालाबाद निवासी 70 वर्षीय रमेश पुत्र रामचरन 14 जून को अपने चचेरे भाई अजय के अंतिम संस्कार में शामिल होने पैदल जा रहे थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक परिसर में हुआ योग कार्यक्रम का आयोजन



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकास खंड बलदेव परिसर में खंड विकास अधिकारी नेहा रावत के नेतृत्व में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास खंड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान सहायक विकास अधिकारी (ग्रामीण विकास) प्रेम सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है।

इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मुकेश, सहायक विकास अधिकारी (सामाजिक/सांख्यिकी) यशवंत, समस्त ग्राम पंचायत सचिव, बीएमएम सहित विकास खंड के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जूता कारोबारी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर किया सुसाइड, लिखा- 5 लाख की कर रही थी मांग

## 'मेरी मौत की जिम्मेदार मेरी पत्नी अंजू है'

**खुदखुशी**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में एक जूता कारोबारी ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इससे पहले उसने इंस्टाग्राम पर स्टेटस लगाया और पत्नी, साले व सास पर गंभीर आरोप लगाए। उसने लिखा-

भाई, मैं जो कदम उठा रहा हूं, उसकी जिम्मेदार अंजू, उसका भाई राजेश और उसकी मम्मी हैं। ये लोग लगातार मुझसे 5 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। अब मैं इतने पैसे कहां से लाऊं। मेरी मौत की जिम्मेदार मेरी पत्नी अंजू है।

युवक ने 6 महीने पहले ही दो बच्चों की मां से कोर्ट मैरिज की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौप दिया। मामला शाहगंज थाना क्षेत्र के बारहखंबा इलाके का है। बारहखंबा निवासी जूता कारोबारी गौरव (27) ने 6 महीने पहले उन्होंने दौरेठा के जयनगर निवासी अंजू से कोर्ट मैरिज की थी। अंजू पहले से शादीशुदा थी। उसका पति से तलाक हो चुका था। उसके 2 बच्चे भी हैं। शादी के बाद अंजू ने घर में क्लेश करना शुरू कर दिया था। करीब एक महीने पहले वह झगड़ा करके चली गई थी। इसके बाद भाई दौरेठा में ससुराल के पास ही किराए का कमरा लेकर अंजू के साथ रह रहे थे। गौरव ने मरने से पहले अपने इंस्टाग्राम स्टेटस पर अपना सुसाइड नोट पोस्ट किया है। लिखा कि भाई, जो कदम मैं उठा रहा हूं, उसके जिम्मेदार अंजू, अंजली, उसका भाई राजा और उसकी मां हैं। ये लोग मुझसे पांच लाख रुपये मांग रहे हैं, मैं कहां से दूं। अंजू मेरे साथ रहती थी और वह हमेशा मुझसे पैसों के लिए कहती रहती थी। इसके भाई का केस चल रहा है।



गौरव, मृतक

> डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया- युवक के सुसाइड की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। परिजन ने अंतिम संस्कार कर दिया है। तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### 5 लाख की कर रहे थे डिमांड

मृतक के छोटे भाई रोहित ने बताया कि मेरी भाभी अंजू के भाई की पत्नी ने भी फांसी लगाई थी। उस पर मामला दर्ज है। मामला निपटाने के लिए मेरे भाई से अंजू, उसका भाई राजेश और अंजू की मां 5 लाख रुपए मांग रहे थे। 15 दिन पहले इसी बात पर झगड़ा करके भाई को किराए के कमरे से भगा दिया था। तब से भाई घर पर ही रह रहे थे। शुक्रवार रात पूरा परिवार एक दावत में गया हुआ था। अकेले अवसाद में आकर रात 11 बजे भाई ने फंदे पर लटक कर जान दे दी।

### गोरखपुर में क्लर्क संजीव ने कोर्ट में किया सरेंडर

गोरखपुर । गोरखपुर में शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह सुसाइड केस में वांटेड चल रहे निलंबित क्लर्क संजीव सिंह ने शनिवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अपर सेशन जज अभिषेक चतुर्वेदी की अदालत में हाजिर होने के बाद उसे 14 दिन की जुडिसियल कस्टडी में जेल भेज दिया गया है। वहीं, इस मामले में नामजद आरोपी BSA शालिनी श्रीवास्तव को गुलरिहा पुलिस ने 16 जून को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। फिलहाल वो जिला जेल में बंद है। दोनों की गिरफ्तारी पर SSP ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी संजीव सिंह देवरिया जिले के रामनाथ कालोनी का रहने वाला है। 22 फरवरी 2026 को गुलरिहा थाने में दर्ज मुकदमे के बाद से वह फरार चल रहा था। उसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। इसी मामले में आरोपी बनाए गए देवरिया, गौरीबाजार के अर्जुनडीहा निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध सिंह को पुलिस ने घटना के 10 दिन बाद ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर हजारों लोगों ने किया योगाभ्यास

## योगिराज की नगरी में भव्यता से मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद के स्व. मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम (गणेशरा) में ₹स्वस्थ आयु के लिए योग₹ थीम पर भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, मथुरा-वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा तथा जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों सौरभ सिंह, पारुल शर्मा और शन्नू शुक्ला ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान



मंत्री, विधायक और जिलाधिकारी ने योगाभ्यास करने वाले दिव्यांग बच्चों एवं जनपद की यूथ आइकन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद की सभी तहसीलों, ब्लॉकों, नगर निकायों, विद्यालयों, मंदिरों एवं घाटों पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर आदेश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छ त्र- छ त्राए , शिक्षक, स्काउट, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### योग दिवस पूरे विश्व में उत्साह के साथ मनाया जा रहा

विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से आज योग दिवस पूरे विश्व में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि ₹करें योग-रहें निरोग₹ का संदेश आज संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने जनपदवासियों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की और कहा कि स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन के लिए योग आवश्यक है।

> मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन, आत्मा और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने वाली प्राचीन भारतीय जीवन-पद्धति है। उन्होंने योग को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री के प्रयासों की सराहना की।

## विधायक राजेश चौधरी के सुरक्षा काफिले की गाड़ी हादसे का शिकार

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा/जेवर। उत्तर प्रदेश के मांट से भाजपा विधायक राजेश चौधरी के सुरक्षा काफिले की एस्कॉर्ट गाड़ी रविवार को यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में विधायक के गनर एवं दरोगा राजेंद्र सिंह यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार विधायक राजेश चौधरी जेवर एयरपोर्ट से लखनऊ जा रहे थे। इसी दौरान जेवर एयरपोर्ट के निकट नए फ्लाईओवर के पास गलत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने एस्कॉर्ट वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एस्कॉर्ट वाहन डिवाइडर से जा टकराया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दरोगा राजेंद्र सिंह यादव की मौके पर ही मौत हो गई,

### दरोगा राजेंद्र सिंह यादव की मौत





जबकि वाहन में सवार अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद विधायक राजेश चौधरी ने स्वयं वाहन रुकवाकर स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को बाहर निकलवाया तथा मृतक दरोगा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सूचना मिलते ही पुलिस एवं एक्सप्रेस-वे की राहत टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण डंपर का रॉन्ग साइड से आना बताया जा रहा है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे से पुलिस विभाग और क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक दरोगा राजेंद्र सिंह यादव के निधन पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### योग वैश्विक शांति...

उन्होंने कहा कि 21 जून दुनिया के सबसे बड़े सामूहिक समारोहों में से एक बन गया है, जिसमें विभिन्न देशों और संस्कृतियों के लोग योग के अभ्यास के माध्यम से एक साथ आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमालय से लेकर हिंद महासागर तक और बंगाल से लेकर सौराष्ट्र तक, पूरा देश योग की ऊर्जा और भावना से ओत-प्रोत है। उन्होंने कहा कि योग में लोगों, समाजों और देशों को जोड़ने की अद्भुत शक्ति है और यह मानवीय एकता के बंधन को मजबूत करता रहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को देखते हुए, वहाँ राष्ट्रीय समारोह का आयोजन करना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद, श्री अरबिंदो और अन्य हस्तियों सहित बंगाल से जुड़े महान आध्यात्मिक नेताओं और विचारकों ने दुनिया भर में योग का संदेश फैलाने में मदद की। प्रधानमंत्री ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि इस भूमि ने लंबे समय से ऐसी परंपराओं को संजोया है जो मन, शरीर और आत्मा की एकता पर ज़ोर देती हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता में सामूहिक योग सत्र इसी स्थायी विरासत को दर्शाता है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" (Yoga for Healthy Ageing) की बात करते हुए, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि योग सिर्फ़ शारीरिक व्यायाम या किसी विशेष उम्र के लोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का ऐसा तरीका है जो जीवन के हर पड़ाव पर ऊर्जा, मज़बूती और सेहत को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि योग लोगों को बढ़ती उम्र में भी स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान बने रहने में सहायता करता है, इसके साथ ही शारीरिक लचीलापन, मानसिक संतुलन और भावनात्मक मज़बूती बनाए रखने में भी सहायक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि योग जीवन के सभी पहलुओं में संतुलन का महत्व सिखाता है। भगवद गीता की शिक्षाओं का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संतुलित आदतें, संतुलित काम और संतुलित जीवनशैली ही अच्छी सेहत की नींव हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक समाज की कई चुनौतियां जीवनशैली में असंतुलन के कारण पैदा होती हैं, और योग तालमेल, अनुशासन और आंतरिक शांति की ओर व्यावहारिक रास्ता दिखाता है।

योग के समग्र स्वरूप पर ज़ोर देते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसके फ़ायदे सिर्फ़ शारीरिक फ़िटनेस तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि मानसिक सेहत और भावनात्मक स्थिरता तक भी फैले हुए हैं। उन्होंने कहा कि योग आत्म-जागरूकता बढ़ाता है, तनाव कम करता है और ज़्यादा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण समाज बनाने में योगदान देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग जहाँ एक ओर लोगों के जीवन को बेहतर बनाता है, वहीं दूसरी ओर यह दुनिया भर में समझ, सहयोग और शांति को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम भी है।

प्रधानमंत्री ने नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण अंग बनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि वे योग को केवल एक दिन तक सीमित न रखें। उन्होंने "योग 365" पहल और इस वर्ष शुरू किए गए 100-दिवसीय ऑनलाइन योग कार्यक्रम का ज़िक्र किया, जिसमें 130 देशों के 30 लाख से ज़्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि योग को बड़े पैमाने पर अपनाने से स्वस्थ, मज़बूत और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण में सहायता मिलेगी, और अपनी बात "सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः" (सब सुखी हों, सब रोगमुक्त हों) की प्रार्थना के साथ समाप्त की।

### दूसरे दिन भी सीजेपी...

उन्होंने NEET री-एग्जाम देने वाले छात्रों से भी परीक्षा के बाद प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।

इससे पहले शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अगर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते हैं, तो वे 27 जून से अनशन शुरू करेंगे।

अभिजीत ने आरोप लगाया कि शनिवार रात जंतर-मंतर पर टॉयलेट्स में पानी नहीं आ रहा था। उन्होंने X पर लिखा- अधिकारियों से अपील करता हूं कि जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थल के शौचालयों का पानी बंद न किया जाए। शनिवार रात से सार्वजनिक शौचालयों में पानी नहीं आ रहा है। प्रदर्शनकारियों का यह भी कहना था कि रात में कुछ समय के लिए लाइट बंद कर दी गई थी, जिसके चलते टॉयलेट तक पहुंचने में दिक्कत हुई।

शनिवार को जंतर-मंतर पर पहुंचे सैकड़ों समर्थकों ने थाली और चम्मच बजाकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। दीपके ने NEET पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपए मुआवजा देने की भी मांग की है।

### नेवी को मिले 3 स्व...

आईएनएस संशोधक एक बार में लगातार 12 हजार किलोमीटर तक जा सकता है। आईएनएस दूनागिरी 8 ब्रह्मोस मिसाइल्स से लैस है। वहीं, आईएनएस अग्रय भारतीय तटरेखा के पास मौजूद दुश्मन पनडुब्बियों को नष्ट कर सकता है।

इस दौरान कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है। आज भारत रक्षा क्षेत्र में केवल खरीदार बनकर नहीं रहना चाहता। हमारी सैन्य शक्ति दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती। हमारी शक्ति की पहचान विश्व का बाजार बनने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता में है।

### आईएनएस संशोधक...

इसे तट और गहरे समुद्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वे, समुद्री डेटा कलेक्शन और डिफेंस-सिविल यूज के लिए बनाया गया है। बंदरगाहों और समंदर के रास्तों का सर्वे करना भी इसके मुख्य काम में शामिल है।

### आईएनएस अग्रय...

जिससे यह तटों पर तैनात दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें निशाना बना सकता है।

### बेटियों को छेड़ने वा...

उन्होंने कहा- हर घर नल योजना का मतलब यह है कि टोटी खुली है तो खुली न रह जाए। चोरी न होने दें। पेयजल का संकट न हो, जितने जल की आवश्यकता है, उतना ही यूज करें। दरअसल, सीएम योगी 636 करोड़ की 75 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने हमीरपुर पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने महोबा में 697 करोड़ की 88 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। 12 साल बाद गोरखगिरि पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए।

### गोला-बारूद, तोप...

अब गोला-बारूद, तोप मिसाइल यूपी में बन रही है। यूपी की बनी ब्रह्मोस मिसाइल पाकिस्तान पर दागी गई तो वह दुम दबाकर भागा। दुनियाभर में जान की भीख मांगता दिख रहा है। हर घर नल योजना बहन और बेटियों को राहत दे रही है। अब पुलिसभर्ती होती है तो बुंदेलखंड के जवान भी भर्ती होते हैं। पहले ऐसा नहीं होता था। योजनाएं सैफई को ध्यान में रखकर बनती थी।

योगी ने कहा- जिन क्षेत्रों में माइनिंग हुई है। वहां वृक्षारोपण करना चाहिए। पिछली सरकारों ने आपका शोषण किया था। अब हम उबर चुके हैं। अब यूपी के पहचान के लिए मोहताज नहीं है। अब मोहताज वो हैं, जिन्होंने यूपी के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। अब जनता उन्हें दुत्कारती है।

सीएम ने कहा- राम मंदिर के लिए कांग्रेस कहती थी- राम हुए ही नहीं। कृष्ण हुए ही नहीं। सपा जय श्रीराम बोलने पर गोली और लाठी चलवाती थी। कृष्ण जन्मोत्सव पर रोक लगाती थी। कांवड़ यात्रा पर रोक लगाती थी। लेकिन, मोहर्रम और ईद के आयोजन को सड़कों पर उदंडता करने के लिए प्रोत्साहित करती थी। अब जनता का पैसा कब्रिस्तान की बॉउंड्री पर खर्चा नहीं होता है।

## इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में स्कॉटलैंड को और ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड्स को हराया

# विमेंस टी-20 वर्ल्डकप: बांग्लादेश से हारकर हुआ पाकिस्तान बाहर

**मुकाबला**

नई दिल्ली, एजेंसी

महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शनिवार को तीन मुकाबले खेले गए। दिन के सबसे बड़े उलटफेर में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 23 रन से हराकर टूर्नामेंट से लगभग बाहर कर दिया। लगातार तीसरी हार के साथ पाकिस्तान की टीम अपने दो ग्रुप मैच बाकी रहते ही नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गई।

साउथैम्प्टन के रोज बाउल में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 123 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 8 विकेट पर 100 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की तीन मैचों में यह दूसरी जीत रही, जबकि पाकिस्तान को लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी।

दिन के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में स्कॉटलैंड को 38 रन से हराया। इंग्लैंड ने 5 विकेट पर 200 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जिसमें सोफिया डंकली ने 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जवाब में स्कॉटलैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 162 रन ही बना सकी। दिन के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को 98 रन से हराया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टूर्नामेंट में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा। एक समय इंग्लैंड की टीम 17वें ओवर में 139 रन पर 5 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। इसके बाद मैदान पर फ्रेया केम्प और डैनी गिब्सन की जोड़ी ने कमान संभाली। दोनों ने महज 21 गेंदों में 61 रनों की साझेदारी कर डाली। कैथरीन ब्रायस के 18वें ओवर में केम्प ने दो छक्के और एक चौका लगाकर 20 रन बटोरे। इसके बाद अगले ओवर में गिब्सन ने कीर्ति गॉर्डन पर लगातार दो चौके और फिर एक 86 मीटर लंबा छक्का जड़कर स्कोर को 200 तक पहुंचा दिया। महिला टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में यह सिर्फ पांचवां मौका है जब किसी टीम ने 200 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया है।



बांग्लादेश की जीत में गेंदबाजों की अहम भूमिका रही। संजीदा अख्तर और नाहिदा अख्तर ने 3-3 विकेट झटके। संजीदा ने 21 रन और नाहिदा ने 18 रन देकर यह सफलता हासिल की। इसके अलावा राबिया खान और रितु मोनी को 1-1 विकेट मिला।

### इंग्लैंड की लगातार तीसरी जीत, स्कॉटलैंड को 38 रन से हराया

महिला टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 38 रन से हराकर अपना अजेय अभियान जारी रखा। यह इंग्लैंड की इस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। इससे पहले इंग्लैंड ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को, जबकि दूसरे मैच में आयरलैंड को हराया था। काफ इंजरी के कारण कप्तान नेट साइवर-ब्रंट इस मैच में नहीं खेल सकीं। उनकी जगह नंबर-3 पर उतरी सोफिया डंकली ने 37 गेंदों में 57 रन की तेज पारी खेलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। एलिस कैपसी ने भी 40 रन का योगदान दिया।

**124 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को मुनीबा अली और गुल फिरोजा ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 45 गेंदों में 49 रन जोड़े। हालांकि साझेदारी टूटते ही पाकिस्तान की पारी बिखर गई और लगातार विकेट गिरते रहे।**

**गुल फिरोजा 18 गेंदों पर 23 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि मुनीबा अली ने 25 रन बनाए। इनके अलावा आयशा जफर (11) और कप्तान फातिमा सना (10) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। नतीजतन पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 100 रन ही बना सकी।**



### खराब शुरुआत के बाद बांग्लादेश ने संभाली पारी

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने शुरुआती पांच ओवर में ही तीन विकेट गंवा दिए और पावरप्ले के बाद स्कोर 3 विकेट पर 24 रन था। इसके बाद कप्तान निगार सुल्ताना और सोभना मोस्तारी ने चौथे विकेट के लिए 35 रन जोड़कर पारी को संभाला। मोस्तारी 22 रन बनाकर आउट हुईं। अंतिम ओवरों में शोर्ना अख्तर ने 22 गेंदों पर 39 रन की तेज पारी खेली, जिससे बांग्लादेश 6 विकेट पर 123 रन तक पहुंच गया। टीम ने आखिरी चार ओवर में 43 रन जोड़े। पाकिस्तान की ओर से कप्तान फातिमा सना ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि नशरा संधू ने 4 ओवर में सिर्फ 14 रन खर्च किए।

# भारत ने अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराया

## सीरीज 3-0 से जीती, तीसरे वनडे में यशस्वी का शतक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने अफगानिस्तान को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने क्लीन स्वीप करते हुए सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में अफगानिस्तान ने भारत को 219 रन का टारगेट दिया। जवाब में भारत ने 28.4 ओवर में एक विकेट खोकर 224 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

यशस्वी जायसवाल ने दूसरा वनडे शतक जमाते हुए नाबाद 110 रन बनाए। पारी में 14 चौके और 3 छक्के भी लगाए। रोहित शर्मा ने 79 रन की पारी में 9 चौके और 3 छक्के जमाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 170 रन जोड़कर जीत की नींव रखी। श्रेयस अय्यर 20 रन बनाकर नाबाद लौटे।

इससे पहले अफगानिस्तान के



कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी ने वनडे करियर का पहला शतक लगाते हुए 102 रन बनाए। उमरजई ने 50 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान 44.2 ओवर में 218 रन पर सिमट गया। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 विकेट झटके। गुरनूर बरार, हर्ष दुबे और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली।

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज जीतकर शुभमन गिल ने बतौर भारतीय कप्तान अपनी पहली वनडे सीरीज जीत ली। इससे पहले उनकी कप्तानी में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से हराया था।

### जर्मनी फुटबॉल वर्ल्ड कप के नॉकआउट दौर में पहुंचा

नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप-ई में शनिवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में चार बार की चैंपियन जर्मनी ने आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराकर नॉकआउट में जगह पक्की कर ली। टोरंटो में खेले गए इस मुकाबले में जर्मनी एक समय 0-1 से पीछे था, लेकिन सब्स्टीट्यूट डेनिज उंदाव ने दूसरे हाफ में दो गोल कर टीम को शानदार जीत दिलाई। उन्होंने 68वें मिनट में बराबरी का गोल किया और फिर इंजरी टाइम (94वें मिनट) में विजयी गोल दागा। दिन के दूसरे मुकाबले में कुरासाओ और इक्वाडोर के बीच मैच 0-0 से ड्रॉ रहा। इस परिणाम के साथ कुरासाओ ने फीफा वर्ल्ड कप इतिहास का अपना पहला अंक हासिल किया। टीम के गोलकीपर एलॉय रूम जीत के नायक रहे, जिन्होंने पूरे मैच में 15 शानदार सेव कर इक्वाडोर को गोल करने से रोके रखा। उनके दमदार प्रदर्शन की बदौलत कुरासाओ ने मजबूत दक्षिण अमेरिकी टीम को ड्रॉ पर रोक दिया।

## तेंदुलकर के बाद दूसरे खिलाड़ी, इंग्लैंड को पांचवें दिन चाहिए 281 रन, न्यूजीलैंड को 5 विकेट

# टेस्ट क्रिकेट में रूट के 14,000 रन पूरे

नई दिल्ली, एजेंसी

लंदन के ओवल मैदान पर इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 14,000 रन पूरे कर लिए हैं। वे इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले केवल भारत के सचिन तेंदुलकर ही टेस्ट क्रिकेट में 14,000 से ज्यादा रन बना सके थे। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक रूट 75 रन बनाकर नाबाद थे। हालांकि मैच में न्यूजीलैंड की स्थिति मजबूत बनी हुई है। 463 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक 5 विकेट पर 182 रन बनाए हैं। मेजबान टीम को जीत के लिए अभी 281 रन और बनाने हैं, जबकि न्यूजीलैंड को जीत के लिए सिर्फ 5 विकेट की जरूरत है। तीन विकेट जल्दी गिर जाने के बाद जो रूट और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला और तेजी से रन बनाए। ब्रूक ने अपने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और महज 33 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। चायकाल के बाद ब्रूक ने जैमीसन की गेंद पर मिड-ऑफ के ऊपर से शानदार शॉट लगाया। दोनों के बीच अच्छी साझेदारी पनप रही थी, लेकिन न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने रनों की गति पर अंकुश लगाने की रणनीति अपनाई। मैट हेनरी ने अपने दूसरे स्पैल में बेहतरीन गेंदबाजी (6 ओवर में 10 रन, 1 विकेट) करते हुए इस साझेदारी को तोड़ा। हैरी ब्रूक 54 रन बनाकर हेनरी की गेंद पर स्लिप में डेरिल मिचेल को कैच दे बैठे। जो रूट और हैरी ब्रूक ने चौथे विकेट के लिए 117 गेंदों पर 97 रन की साझेदारी की। ओवल टेस्ट में इंग्लैंड की कमजोर बल्लेबाजी के बीच अगले मैच के लिए अच्छी खबर आ रही है। नियमित कप्तान बेन स्टोक्स ट्रेंट ब्रिज में होने वाले अगले टेस्ट मैच में वापसी कर सकते हैं। स्टोक्स फिलहाल ओवल से करीब 300 मील दूर डरहम के लिए नॉर्थम्पटनशायर के खिलाफ घरेलू मैच खेल रहे हैं, जहां उन्होंने 95 रनों की शानदार पारी खेली है।



जो रूट न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 75 रन बनाकर नाबाद हैं।

### काइल जैमीसन के शुरुआती झटकों से बैकफुट पर आया इंग्लैंड

463 रन के लक्ष्य के सामने इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने मैच के शुरुआती ओवरों में ही दोहरा झटका देकर इंग्लैंड को संकट में डाल दिया। सलामी बल्लेबाज एमिलियो गे को मैच के पहले ही ओवर में मैट हेनरी की गेंद पर जीवनदान मिला, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके और केवल 11 रन बनाकर फॉरवर्ड स्क्वायर लेग पर कैच थमा बैठे। इसके बाद जैमीसन ने जैकब बेथेल को अंदर आती गेंद पर एलबीडब्ल्यू कर पवेलियन भेजा। बेन डकेट भी ज्यादा देर टिक नहीं सके और विल ओ'रूर्के की गेंद पर पुल शॉट खेलने के प्रयास में शॉर्ट मिडविकेट पर आसान कैच दे बैठे। केवल 40 रन पर 3 विकेट गिर जाने के बाद इंग्लैंड की टीम पूरी तरह दबाव में आ गई।

## मनोरंजन

# 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में आलिया पहुंचीं

## समय रैना ने किया रोस्ट, विवादित शो में एक्ट्रेस ने कहा- मुझे यहां आकर पछतावा हो रहा है



नई दिल्ली। समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ बतौर गेस्ट शामिल हुईं। एपिसोड के दौरान समय रैना और आलिया भट्ट ने एक-दूसरे पर मजाकिया अंदाज में तंज कसे और रोस्ट किया।

शो में समय रैना ने आलिया भट्ट का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा कि आलिया शो के पहले एपिसोड में गेस्ट बनकर आई हैं। इस दौरान आलिया ने हंसते हुए कहा, ₹मुझे अब थोड़ा पछतावा हो रहा है। विवादित शो में आलिया ने जिस तरह बिहेव किया, उस पर कई यूजर्स ने उनकी तारीफ की। एक यूजर ने कहा कि आलिया बहुत स्वीट हैं। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा कि पहली बार किसी शो में सेलेब्स इतनी सहज और असली लगीं।

### कांस और लेटेंट की तुलना कर मजाक किया

समय ने यह भी कहा, "आलिया जी, आप इतनी बड़ी एक्ट्रेस हैं। आपकी फिल्मों ने 5000-6000 करोड़ रुपए की कमाई की है। आपके पास इतने फिल्मफेयर अवॉर्ड हैं, नेशनल अवॉर्ड है, बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड है। फिर आप यहां आखिर क्यों आई हैं? 'लेटेंट' में आने की क्या जरूरत थी? कहां कांस, कहां लेटेंट और यहां कैमरे आप पर हैं।



**शो में शरवरी वाघ भी गेस्ट के तौर पर पहुंचीं। समय रैना ने मजाक में उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया। वहीं शरवरी से पूछा गया कि क्या उन्होंने लेटेंट के एपिसोड देखे हैं, जिस पर एक्ट्रेस ने कहा, "मैंने शो के वीडियो न्यूज चैनलों पर देखे हैं।"**



शो के दौरान समय रैना और आलिया भट्ट ने एक-दूसरे को रोस्ट किया।

### समय ने फिल्म 'जिगरा' पर तंज कसा

इस पर समय रैना ने तंज कसते हुए कहा, मुझे भी 'जिगरा' देखकर पछतावा हुआ था।₹ समय की यह बात सुनकर आलिया और शरवरी जोर से हंसने लगीं।

हालांकि, आलिया ने भी बिना देर किए मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ₹कम से कम आपने फिल्म तो देखी। इसके बाद समय ने कहा, आपके पास बैठकर थोड़ा नर्वस महसूस कर रहा हूं, क्योंकि मैं आपके पति का बहुत बड़ा फैन हूं।

फिर जवाब देते हुए आलिया ने कहा, ₹नहीं-नहीं समय, सच कहूं तो हम सभी यह बात पूरे भरोसे के साथ कह सकते हैं कि हमें हंसाने के लिए हम सब कपिल शर्मा के बहुत आभारी हैं।

फिर समय ने कहा, वाह! आलिया जी, यहां फनी हो गईं आप। जाकिर भाई के साथ क्या हो गया था?

# फादर्स डे पर एशा देओल को खली पापा धर्मेंद्र की कमी

## 'ही-मैन' को याद कर भावुक हुईं बेटी

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के ही-मैन और वेटरन एक्टर धर्मेंद्र का बीते साल 89 साल की उम्र में निधन हो गया था। धर्मेंद्र का परिवार अब भी उनकी मौत के सदमे से नहीं उभर पा रहा है। आज जब पूरी दुनिया फादर्स डे का जश्न मना रही है तो दूसरी तरफ एशा देओल को अपने दिवंगत पिता की कमी खल रही है। फादर्स डे के मौके पर एशा ने सोशल मीडिया पर अपने पापा को याद कर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर कर किया है, जो भावुक करने वाला है। आइए नजर एशा देओल के इस पोस्ट पर डालते हैं-24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का निधन हुआ था और इस दुखद घड़ी को अब तक करीब 8 महीनों का समय बीत गया है। लेकिन फिर भी अभिनेता की फैमिली को उनकी कमी खलती है। फादर्स डे के अवसर पर धर्मेंद्र की बेटी एशा देओल के लेटेस्ट पोस्ट से इसका



अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है, जिसे एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी में शेयर किया है। इस पोस्ट में एशा के पिता और बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रहे धर्मेंद्र की झलक देखने को मिल रही है। साथ ही उनके साथ दो छोटी बच्चियां भी नजर आ रही हैं। इंस्टा स्टोरी के पोस्ट मे एशा देओल ने लव यू पापा लिखा है, जो ये बताने के लिए काफी है कि पिता के निधन के बाद भी एशा उनको खोने के गम से उभर नहीं पा रही हैं।

## अक्षय कुमार और श्रीलीला ने योग कार्यक्रम में लिया हिस्सा, शाहिद कपूर ने भी किया योग

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 : शिल्पा शेट्टी ने छोटे बच्चे को सिखाया योग

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के मौके पर बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने योग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को योग अपनाने का मैसेज दिया। इनमें अक्षय कुमार, शाहिद कपूर, श्रीलीला, शिल्पा शेट्टी, सुनील शेट्टी, नील नितिन मुकेश और जैकी श्रॉफ जैसे सेलेब्स शामिल हैं। अक्षय कुमार केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया के साथ दिल्ली में एक पब्लिक योग इवेंट में शामिल हुए। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आए, जिनमें वह वेलनेस कोच अंशुका परवानी के गाइडेंस में योग करते नजर आए।

शाहिद कपूर और एक्ट्रेस श्रीलीला मुंबई में योगा डे इवेंट में शामिल हुए। दोनों सफेद एथलीजर आउटफिट में नजर आए। वहीं, सुनील शेट्टी ने कहा, "फिट रहने के लिए सबसे जरूरी चीज नियमित अभ्यास है। प्रधानमंत्री ने योग दिवस की शुरुआत कर पूरी दुनिया को बताया है कि योग हमारी विरासत है और हमेशा हमारी ही रहेगा। योग हर किसी के लिए है, बच्चों के लिए भी। इसलिए इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना बहुत जरूरी है।"

आयुष मंत्रालय द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में जैकी श्रॉफ ने अपने अंदाज में फिट रहने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सांस लेने पर ध्यान देना, योग करना और पेड़ लगाना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है।



### सुनील शेट्टी ने योग का महत्व बताया

सुनील शेट्टी और नील नितिन मुकेश ने वीडियो मैसेज भी जारी किए। नील नितिन मुकेश ने बताया कि उनकी बेटी ने स्ट्रेचिंग और ब्रीदिंग एक्सरसाइज शुरू कर दी है।

**फिटनेस आइकन शिल्पा शेट्टी ने कहा था कि योग भारत का तोहफा है और अब इसे दुनिया भर के कई देश अपना रहे हैं। उन्होंने योग को दुनिया भर में पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी धन्यवाद दिया।**







### दिलजीत की फिल्म में काम कर चुकी एक्ट्रेस विवादों में

लुधियाना । पंजाबी सिंगर एवं एक्टर दिलजीत दोसांझ के साथ फिल्म जट एंड जूलियट-3 में काम कर चुकीं रंजीत कौर भाभी चुम्मेवाली सोशल मीडिया पर अपनी रील्स को लेकर विवाद में हैं।

हर रील के अंत में आंख मारते हुए वह किसी न किसी का नाम लेकर आई लव यू बोलती हैं और फ्लाइंग किस करते हुए कहती हैं, 'वीरवार है या जुम्मां ले, चक्क भाभी दा चुम्मा'। रंजीत कौर भाभी की यही तुकबंदी अब उनके लिए परेशानी का सबब बन रही है।

रंजीत कौर की इस तुकबंदी पर निहंगों ने आपत्ति जताते हुए उनके घर पर धावा बोल दिया। बठिंडा से लुधियाना आए निहंग जत्थे ने उन्हें सख्त चेतावनी दी कि इस तरह की तुकबंदी और अश्लीलता वाली रील सोशल मीडिया पर डाली तो इसके परिणाम खतरनाक होंगे।

भाभी चुम्मेवाली निहंगों के सामने गिड़गिड़ाती रही और कहती रही कि इसमें कहां अश्लीलता है, लेकिन निहंग नहीं माने।

## पार्टी के 100 सांसद खिलाफ

# दावा : ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर कल तक दे सकते हैं इस्तीफा

**अनुमान**

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सोमवार को इस्तीफे का ऐलान कर सकते हैं। साथ ही वे अपने पद छोड़ने का रोडमैप भी बता सकते हैं। यह दावा ब्रिटेन के अखबार 'द ऑब्जर्वर' की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक स्टार्मर ने कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और ट्रेड यूनियन नेताओं से बातचीत के बाद तय किया है कि उनका पद पर बने रहना अब मुश्किल है। हालांकि, रॉयटर्स के मुताबिक सरकारी सूत्रों ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि स्टार्मर अभी भी प्रधानमंत्री के तौर पर अपने काम करने पर ध्यान दे रहे हैं। रॉयटर्स के मुताबिक स्टार्मर की लेबर पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि पीएम को इस्तीफा दे देना चाहिए या अपने पद छोड़ने की समयसीमा घोषित करनी चाहिए। स्टार्मर के खिलाफ हुए सांसद, हाउस ऑफ कॉमन्स में पार्टी के कुल सांसदों का करीब एक चौथाई हैं।



**अगर स्टार्मर इस्तीफा देते हैं, तो ब्रिटेन के 10 साल के इतिहास में वे छठे ऐसे प्रधानमंत्री होंगे, जिन्हें यह पद छोड़ना पड़ा। इससे पहले डेविड कैमरन, थेरेसा मे, बोरिस जॉनसन, लिज ट्रस और ऋषि सुनक अपना कार्यकाल खत्म करने से पहले ही पीएम पद छोड़ चुके हैं।**

2011 में फिक्स्ड-टर्म पार्लियामेंट्स एक्ट' लाया गया था। इसका मकसद संसद का कार्यकाल तय रखना और सरकारों को समय से पहले गिरने से बचाना था। लेकिन बाद में इस कानून को खत्म कर दिया गया। आलोचकों का कहना है कि इसके बाद पुराने नियम फिर लागू हो गए, जिससे प्रधानमंत्री अपनी पार्टी के समर्थन और अचानक पैदा होने वाले राजनीतिक संकटों के ज्यादा भरोसे हो गए।

## 10 साल में 5 पीएम ने कार्यकाल से पहले पद छोड़ा

### स्टार्मर पर पद छोड़ने का दबाव क्यों बढ़ा

स्टार्मर ने 2024 में लेबर पार्टी को बड़ी चुनावी जीत दिलाई थी, लेकिन उसके बाद उनकी लोकप्रियता लगातार घटी है। कई विवादों, नीतिगत यू-टर्न और जीवनस्तर में सुधार के वादों को पूरा नहीं कर पाने की वजह से उनकी इमेज को नुकसान पहुंचा। स्टार्मर की मुश्किलें तब और बढ़ गईं, जब उनके विरोधी एंडी बर्नहैम ने शुक्रवार को उपचुनाव जीत लिया। इस जीत के बाद बर्नहैम पार्टी की कमान संभालने की दावेदारी पेश कर सकते हैं। जीत के बाद बर्नहैम ने कहा कि वह देश को नई दिशा देना चाहते हैं। बर्नहैम के सहयोगी स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने भी संकेत दिया कि वह जरूरत पड़ने पर स्टार्मर को नेतृत्व के लिए चुनौती दे सकते हैं। हालांकि, स्टार्मर ने 19 जून को साफ कहा था कि मैं अपने नेतृत्व के खिलाफ आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करूंगा। साथ ही लेबर पार्टी के नेताओं से आपसी खींचतान से बचने की अपील की थी।





### ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बार-बार बदलने की वजह

एक्सपर्ट्स के मुताबिक ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बार-बार बदलने की बड़ी वजह वहां की संसदीय व्यवस्था है। वहां प्रधानमंत्री को लोग सीधे नहीं चुनते, बल्कि उनकी पार्टी के सांसद उनका समर्थन करते हैं। प्रधानमंत्री तब तक पद पर बने रहते हैं, जब तक पार्टी के सांसद उनके साथ खड़े हों। अगर सांसदों को लगने लगे कि किसी नेता की घटती लोकप्रियता से अगले चुनाव में पार्टी को नुकसान हो सकता है, तो वे बिना आम चुनाव कराए भी नया नेता चुनने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। यही वजह है कि ब्रिटेन में पार्टी का समर्थन कमजोर पड़ते ही प्रधानमंत्री बदलने की नौबत जल्दी आ जाती है।

## यूबीसॉफ्ट के को-फाउंडर क्लॉड गिलेमोट की प्लेन क्रैश में मौत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

वीडियो गेम बनाने वाली बड़ी कंपनी यूबीसॉफ्ट के संस्थापकों में से एक क्लॉड गिलेमोट का फ्रांस में एक प्लेन क्रैश में 69 साल की उम्र में निधन हो गया है। यूबीसॉफ्ट ने शनिवार को एक बयान में उनके निधन की पुष्टि की और कहा कि कंपनी अपने को-फाउंडर और गिलेमोट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन के जाने से बहुत दुखी है। कंपनी ने कहा कि उनकी संवेदनाएं उनके परिवार और चाहने वालों के साथ हैं, लेकिन उन्होंने इस घटना के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। फ्रांसीसी ब्रॉडकास्टर आईसीआई ने बताया कि शुक्रवार शाम 6 बजे से कुछ देर पहले पश्चिमी फ्रांस के समुद्र तटीय शहर ला बाउल में एक सेसना 421 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दो इंजन वाले इस विमान में दो लोग सवार थे और दोनों की ही दुर्घटना में मौत हो गई। आईसीआई के अनुसार, गवाहों ने



बताया कि विमान ला बाउल एयरपोर्ट की ओर बढ़ रहा था तभी वह अचानक मुड़ा और क्रैश हो गया। दूसरे यात्री की पहचान अभी तक जाहिर नहीं की गई है। क्लॉड गिलेमोट ने 1986 में अपने चार भाइयों के साथ मिलकर यूबीसॉफ्ट की शुरुआत की थी।

2007 में शुरू हुई असेसिन्स क्रीड सीरीज ने दुनिया भर में 200 मिलियन से जियादा खिलाड़ियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। इस सीरीज की सबसे नई और बड़ी रिलीज असेसिन्स क्रीड शैडोज 16वीं सदी के जापान पर आधारित है और इसे इसकी विस्तृत दुनिया और ऐतिहासिक परिवेश के लिए समीक्षकों से तारीफ मिली है।

**फास्ट न्यूज**

### फ्रांस में गर्मी का कहर सार्वजनिक जगह पर शराब पीना प्रतिबंधित

पेरिस । यूरोप के कुछ हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी से निपटने के लिए फ्रांस ने इमरजेंसी सेवाओं और सेना को जंगल की आग (वाइल्डफायर) के खतरे को लेकर अलर्ट पर रख रहा है, साथ ही सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने पर रोक लगा रहा है और कुछ आउटडोर स्पोर्ट्स इवेंट्स रद्द कर रहा है।

### 31 जुलाई तक फाइल कर दें इनकम टैक्स रिटर्न

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न यानी ITR फाइलिंग शुरू हो चुकी है। आम टैक्सपेयर्स के लिए रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2026 है। वहीं, बिजनेस क्लास (ITR-3 और 4) के कुछ लोगों के लिए यह 31 अगस्त है। अगर आप 31 जुलाई तक चूक जाते हैं, तो 31 दिसंबर तक जुर्माना भरकर 'बिलेटेड रिटर्न' फाइल कर सकते हैं। ITR आपकी पूरी आय, निवेश और वित्तीय लेन-देन का आधिकारिक रिकॉर्ड होता है।

### डेलावेयर के गवर्नर मैथ्यू ने योग की भारतीय विरासत को दी मान्यता

वाशिंगटन । अमेरिका के डेलावेयर राज्य के गवर्नर मैथ्यू मेयर ने 21 जून 2026 को आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करते हुए योग की भारतीय विरासत को मान्यता दी है। उन्होंने योग को भारत की 5,000 वर्ष पुरानी परंपरा बताते हुए इसके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों की सराहना की।

# इमरान की पार्टी के चार नेताओं को दस-दस साल की सजा

### हिंसक प्रदर्शन से जुड़ा है मामला

- इमरान खान की पार्टी के चार नेताओं को सजा।
- 2023 के हिंसक दंगों से संबंधित मामला।
- पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी बरी।

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के चार वरिष्ठ नेताओं को 2023 के दंगों से संबंधित मामले में दस-दस साल की सजा सुनाई। वहीं पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को बरी कर दिया गया।



नौ मई, 2023 को पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान की गिरफ्तारी के बाद देशभर में, विशेषकर पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में, हिंसक प्रदर्शन भड़क उठे थे। प्रदर्शनकारियों ने दर्जनों सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों को नुकसान पहुंचाया। पंजाब के पूर्व गवर्नर उमर सरफराज चीमा, पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डा.यास्मिन राशिद, पंजाब के पूर्व मंत्री मियां मेहबूदुर राशिद और पूर्व सांसद एजाज चौधरी को लाहौर के मुगलपुरा क्षेत्र में पुलिस वाहनों पर हमले करने और उन्हें जलाने के मामले में दोषी ठहराया गया। इस मामले में गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गई थी। आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) के जज मंजर अली गिल ने शनि वार को इन लोगों को सजा सुनाई।

# 'वो तो हमास का आतंकवादी था'

## इजरायल ने की गाजा में पत्रकार की मौत की पुष्टि

गाजा, एजेंसी

गाजा में इजरायली हमलों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे और ब्रॉडकास्टर अल जजीरा का एक कैमरामैन शामिल है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल और चरमपंथी समूह हमास के बीच अक्टूबर में हुए संघर्ष-विराम के बावजूद इस इलाके में लगभग रोजाना हमले हो रहे हैं। इन हमलों में 1,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को तड़के करीब 2 बजे गाजा शहर में एक अपार्टमेंट पर पहला हमला हुआ। दो बहनों 4 साल की जिना और 14 साल की लाना के शवों को शिफा अस्पताल के मुर्दाघर भेजा गया। अल-अक्सा अस्पताल के अनुसार, पहला हमला बिना किसी चेतावनी के मध्य गाजा के बुरेइज रिफ्यूजी कैंप में एक घर पर हुआ, जिसमें अल जजीरा के कैमरामैन अहमद विशाह समेत तीन लोगों की मौत हो गई। अल जजीरा ने विशाह की मौत की पुष्टि की। अल-जजीरा के लिए काम करने वाले विशाह के भाई मोहम्मद की अप्रैल में इजरायली हमले में मौत हो गई थी। शनिवार को दक्षिणी गाजा के मुवासी में बने बड़े टेंट कैंप में लोगों के एक समूह पर एक और हमला हुआ। नासेर अस्पताल के अनुसार इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। शिफा अस्पताल के अनुसार, गाजा शहर में हुए एक तीसरे हमले में लोगों के एक समूह को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम चार लोग घायल हो गए।

### 'हमने तो हथियार नहीं उठाए थे'

उनके कजिन मोहम्मद सफादी ने बताया, मैं घर पर बैठा था। बिना किसी चेतावनी के रॉकेट हम पर आ गिरा। उनके माथे पर चोट लगी थी। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी भी घायल हो गई थीं।



### इजरायली सेना ने क्या कहा?

इजरायली सेना ने कहा कि वह इस घटना की जांच कर रही है। शनिवार शाम को इजरायल के तीन हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम एक दर्जन लोग घायल हो गए। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने अल जजीरा के कैमरामैन को एक सटीक हमले में मार गिराया। सेना का दावा है कि वह हमास की मिलिट्री विंग का हिस्सा था और उस इलाके में सैनिकों के लिए खतरा बना हुआ था।

**सफादी ने कहा, "कब्जा करने वाली ताकत और बातचीत करने वाली टीम जिस युद्धविराम की बात कर रही है... क्या यह सच में युद्धविराम है? हम आम नागरिक हैं। मैंने कभी हथियार नहीं उठाया।**

**इजरायल का कहना है कि वह हमास और उन दूसरे चरमपंथियों को निशाना बना रहा है जिनसे खतरा है। युद्धविराम के बाद से इजरायल के पांच सैनिक मारे जा चुके हैं।**

## हमारे मामलों में दखल न दें, जरदारी बोले थे- वाराणसी की मस्जिद खतरे में, कार्रवाई रोकी जाए

# पाक राष्ट्रपति का बयान नफरत फैलाने वाला : भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के भारत की मस्जिद को लेकर दिए भड़काऊ बयान पर भारत ने रिएक्शन दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों पर कमेंट करने का कोई अधिकार नहीं है।

विदेश मंत्रालय की तरफ से शनिवार को जारी प्रेस रिलीज में कहा गया कि मानवाधिकारों के मामले में पाकिस्तान का अपना रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है, जिस पर दुनिया भर में चर्चा होती है।

ऐसे में पाकिस्तान की तरफ से ऐसी बयानबाजी बेतुकी लगती हैं। अलग-अलग धर्मों के अल्पसंख्यकों को सुनियोजित



तरीके से निशाना बनाने और उनका उत्पीड़न करने का पाकिस्तान का लंबा इतिहास जगजाहिर है।

वाराणसी के काशी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब परियोजना के तहत रेलवे प्रशासन ने स्टेशन के पास स्थित गंज शहीदा मस्जिद को नोटिस जारी कर 20 जून तक परिसर खाली करने को कहा था। रेलवे का कहना है कि मस्जिद रेलवे की जमीन पर बना अवैध ढांचा है और 1991 में दायर एक दीवानी मुकदमे में अगस्त 2024 में आए फैसले के बाद कार्रवाई की जा रही है। रेलवे का कहना है कि 1991 में दायर मुकदमा 28 अगस्त 2024 को खारिज होने के बाद मस्जिद हटाने का रास्ता साफ हो गया। वहीं, मस्जिद प्रबंधन समिति का दावा है कि मामला मस्जिद के अस्तित्व से नहीं, बल्कि उसके पूर्वी हिस्से की जमीन से जुड़ा था और रेलवे अदालत के फैसले की गलत व्याख्या कर रहा है।

### जरदारी बोले थे- भारत में मुस्लिम धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई से तनाव बढ़ सकता है

पाकिस्तान के राष्ट्रपति कार्यालय ने शनिवार को एक प्रेस नोट जारी किया। जिसमें जरदारी ने कहा कि भारत में कई ऐतिहासिक मुस्लिम धार्मिक स्थल खतरे में हैं। उन्होंने खास तौर पर वाराणसी की गंज शहीदा मस्जिद का जिक्र किया, जिसे उन्होंने करीब 1000 साल पुरानी मस्जिद बताया।

जरदारी ने भारत से अपील की कि ऐसे धार्मिक स्थलों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई को तुरंत रोका जाए। उनका कहना है कि इससे सामाजिक तनाव बढ़ सकता है और देश में अस्थिरता पैदा हो सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत को अल्पसंख्यकों के अधिकारों और साझा सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करनी चाहिए।

**"जरदारी ने कहा था कि भारत में कई ऐतिहासिक मुस्लिम धार्मिक स्थल खतरे में हैं। उन्होंने खास तौर पर वाराणसी की गंज शहीदा मस्जिद का जिक्र किया। जिसे रेलवे ने अवैध निर्माण का नोटिस जारी किया है।**

## मृतक निवेशकों के शेयर-बॉन्ड्स आसानी से वारिसों के नाम होंगे

मुंबई, एजेंसी

सेबी ने किसी निवेशक की मौत के बाद उसके कानूनी वारिसों या क्लेम करने वालों को शेयर ट्रांसफर करने की प्रोसेस को आसान बना दिया है। इसका मकसद डॉक्युमेंटेशन की जरूरतों को कम करके इस पूरी प्रोसेस को तेज और कम पेचीदा बनाना है। 19 जून को हुई मार्केट रेगुलेटर की बोर्ड मीटिंग में छोटे वैल्यू के क्लेम के लिए 'क्विक ट्रांसमिशन प्रोसेसिंग' (QTP) नाम की एक नई कैटेगरी शुरू की गई है।

इसके साथ ही ट्रांसमिशन की लिमिट को भी दोगुना कर दिया गया है, जिससे वारिसों को आसानी से उनके शेयर मिल सकेंगे। शेयर बाजार की भाषा में 'ट्रांसमिशन' का मतलब किसी मृत निवेशक के अकाउंट से उसके कानूनी वारिस, नॉमिनी या जॉइंट अकाउंट होल्डर के नाम पर शेयर्स को ट्रांसफर करना होता है। सेबी के मुताबिक, फिजिकल होल्डिंग के लिए 10 हजार रुपए और डीमैटरियलाइज्ड



- सेबी ने ट्रांसफर प्रोसेस को सरल बनाया, अब पैन की जरूरत भी नहीं होगी

यानी डीमैट होल्डिंग के लिए 30 हजार रुपए तक के छोटे क्लेम को QTP कैटेगरी में रखा गया है। इससे इन क्लेम का निपटारा बहुत ही कम दस्तावेजों के साथ तेजी से हो सकेगा। सेबी ने बिना किसी पेचीदा डॉक्युमेंट्स के अमाउंट ट्रांसफर करने की लिमिट को भी दोगुना कर दिया है। अब किसी एक लिस्टेड कंपनी में फिजिकल शेयर्स के लिए यह सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए प्रति कंपनी कर दी गई है।

**आरोप :** ट्रंप का दावा- उपद्रवियों ने पहुंचाया रिफ्लेक्टिंग पूल को नुकसान, पूल की नई लाइनिंग में 250 फीट का कट लगा

# '250 फीट लंबी दरार, केमिकल डाले गए'

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि लिंकन मेमोरियल रिफ्लेक्टिंग पूल में तोड़-फोड़ के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि तोड़-फोड़ करने वालों ने हाल ही में ठीक किए गए पूल को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया है।

उन्होंने दावा किया कि इसकी नई लाइनिंग में 250 फीट लंबा कट लगा दिया गया और पानी में तेजाब जैसे खतरनाक केमिकल डाल दिए गए। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, ₹हमारे खूबसूरत रिफ्लेक्टिंग पूल में की गई शर्मनाक तोड़-फोड़ के सिलसिले में कई और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

घटना के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, ₹उन्होंने चाकू या ब्लेड जैसी



किसी चीज से उस खूबसूरत ढांचे पर 250 फीट लंबा कट लगा दिया, जिसे बनाने और पूरा करने में बहुत मेहनत, काबिलियत और पैसा लगा था। उन्होंने पूल में तेजाब जैसे नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल भी डाल दिए। रिफ्लेक्टिंग पूल जितना खूबसूरत एक हफ्ते पहले था, उतना पहले कभी नहीं रहा यहां तक कि 1922 में जब यह खुला था, तब भी नहीं।

ट्रंप ने पिछली सरकारों की आलोचना की। पूल को नए रूप में पेश किए जाने के कुछ ही समय बाद काई जमने की वजह से पानी का रंग फिर से हरा हो गया। इस समस्या को ठीक करने के लिए कर्मचारियों ने केमिकल का इस्तेमाल किया, लेकिन खबर है कि पूल के तल पर लगाई गई नई नीली लाइनिंग उखड़ने लगी। खबर है कि हर्न हेन्स पॉइंट के चारों ओर 52 मील की साइकिल राइड पूरी करने के बाद मेमोरियल पर रुके थे। उन्होंने देखा कि पूल में हाल ही में लगाई गई अमेरिकी झंडे जैसे नीले रंग की लाइनिंग का एक हिस्सा तल से उखड़ गया था।

### 'बनने के बाद से ये कभी ऐसा नहीं दिखा'

उन्होंने आगे कहा, 1922 में जब इसे पहली बार बनाया गया था तब से यह कभी ऐसा नहीं दिखा और न ही इसने कभी ठीक से काम किया। उस समय भी इसमें बहुत ज्यादा लीकेज होती थी और यह ठीक से काम नहीं करता था। हमारा पूल एकदम सही काम कर रहा था, जिसमें शीशे जैसी चमक थी और यह दो महान स्मारकों की एकदम साफ तस्वीर दिखाता था ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था!

**द वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार, शुक्रवार को लिंकन मेमोरियल रिफ्लेक्टिंग पूल पर हुई एक घटना के बाद अमेरिकी पार्क पुलिस ने ओलंपिक साइकिलिस्ट डेविड हर्न को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया।**

# एआई से बेरोजगारी नहीं, वर्कर्स की शॉर्टेज होगी

### अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस का दावा

पेरिस, एजेंसी

अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस का मानना है कि AI नौकरियों को खत्म करने के बजाय नए रोजगार पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि यह टेक्नोलॉजी इनोवेशन की रफ्तार बढ़ाएगी, जिससे भविष्य में बेरोजगारी के बजाय लेबर शॉर्टेज पैदा हो सकती है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि पानी की कमी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की रफ्तार रुक सकती है।

पेरिस में आयोजित 'विवाटेक 2026' कॉन्फ्रेंस में जेफ बेजोस ने AI और रोजगार को लेकर चल रही वैश्विक बहस पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि AI नई समस्याओं को पहचानने और उन्हें सुलझाने की प्रोसेस को आसान बनाकर इंसानी क्रिएटिविटी का दायरा बढ़ाएगा।

बेजोस ने कहा कि AI लेबर



शॉर्टेज पैदा करने जा रहा है, क्योंकि इसके जरिए लोग ज्यादा से ज्यादा समस्याओं को पहचानने में सक्षम हो सकेंगे। इस चर्चा में ब्लू ओरिजिन के चीफ एग्जीक्यूटिव देव लिम्प ने भी हिस्सा लिया था। बेजोस ने अपने नए वेंचर 'प्रोमेथियस' का जिक्र करते हुए बताया कि यह एक AI स्टार्टअप है। इसका उद्देश्य एक 'आर्टिफिशियल जनरल इंजीनियर' तैयार करना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह की टेक्नोलॉजी इनोवेशन साइकल की रफ्तार को काफी तेज कर देगी और उन आइडियाज पर काम करना संभव बनाएगी, जिन्हें पहले सोचना भी नामुमकिन था।

**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676